You Tube Subscribe Amar Bhaskar News @amarbhashkarnews Amar bhashkar

हिन्दी दैनिक



# अमर भास्कर



ज़िद सच की

उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, मध्यप्रदेश, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ एवं उत्तराखंड में प्रसारित

जीएसटी के तहत औसत कर 16 प्रतिश से घटाकर....०1

Email- amarbhashkar21@gmail.com, www.amarbhashkar.in

सीएम योगी बोले- वीवीआईपी ट्रीटमेंट लेने वाले.......०1

वर्षः ०2 अंकः 2०7 | बदायूं, बुधवार 12 फरवरी 2025 | पृष्ठ- ०8 | मूल्य- 4.०० रूपये

### हम अभी एआई युग के शुरुआती दौर में

# यहीं मानवता के मार्ग को आकार देगा, समिट में बोले पीएम

**दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ कृत्रिम मेधा लेकर आयोजित शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने एआई के लिए संचालन व्यवस्था और मानक स्थापित करने को लेकर सामूहिक वैश्विक प्रयासों का आह्वान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि एआई पहले से ही हमारी अर्थव्यवस्था, सुरक्षा और समाज को नया आकार दे रहा है। एआई इस सदी में मानवता के लिए कोड लिख रहा है। हम अभी एआई युग के शुरुआती दौर में ही हैं, जो मानवता के मार्ग को आकार देगा।




प्रधानमंत्री ने कहा, संचालन व्यवस्था और मानकों को स्थापित करने के लिए सामूहिक वैश्विक प्रयासों की आवश्यकता है, जो हमारे साझा मूल्यों को बनाए रखें, जोखिमों को दूर करें और भरोसे का निर्माण करें। उन्होंने एआई की वजह से नौकरियां खत्म होने की आशंकाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इतिहास गवाह है कि प्रौद्योगिकी के कारण काम खत्म नहीं होता, बल्कि उसकी प्रकृति बदल जाती है और नई तरह की नौकरियां सृजित होती हैं। इसलिए हमें एआई संचालित भविष्य के लिए अपने लोगों को कुशल बनाने और नए काम के तरीकों के लिए उन्हें तैयार करने में निवेश करने की जरूरत है।

एक्शन शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए पीएम मोदी कहा, मैं एक सरल प्रयोग से शुरू करता हूं। यदि आप अपनी मेडिकल रिपोर्ट किसी एआई एप पर अपलोड करते हैं तो यह सरल भाषा में बता सकता है कि इसका क्या मतलब है, लेकिन यदि आप उसी एप से किसी व्यक्ति की बाएं हाथ से लिखने की छवि बनाने के लिए कहते हैं तो सबसे अधिक संभावना है कि एप किसी व्यक्ति को उसके दाएं हाथ से लिखते हुए दिखाएगा, क्योंकि प्रशिक्षण डेटा में यही बात हावी है।

उन्होंने आगे कहा, यह दर्शाता है कि एआई की सकारात्मक क्षमता बिल्कुल अद्भुत है, इसमें कई पूर्वाग्रह हैं जिनके बारे में हमें सावधानी से सोचने की आवश्यकता है। इसीलिए मैं अपने मित्र राष्ट्रपति मैक्रों का इस शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने तथा मुझे इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित करने के लिए आभारी हूं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, हमें ओपन सोर्स सिस्टम विकसित करना चाहिए, जो विश्वास और पारदर्शिता को बढ़ाए। हमें पक्षपात रहित गुणवत्तापूर्ण डेटा सेंटर बनाने चाहिए, हमें प्रौद्योगिकी का लोकतंत्रीकरण करना चाहिए और लोगों को केंद्रित करने वाले एप्लिकेशन बनाने चाहिए। हमें साइबर सुरक्षा, गलत सूचना और डीपफेक से संबंधित चिंताओं को दूर करना चाहिए।

# अखनूर में एलओसी के पास आईईडी ब्लास्ट, सेना के दो जवान बलिदान

## एक जवान की हालात नाजुक

**जम्मू।** कश्मीर के अखनूर में एलओसी के पास मंगलवार को आईईडी ब्लास्ट होने से सेना के दो जवान बलिदान हो गए हैं जबकि एक गंभीर रूप से घायल हैं। ब्लास्ट के बाद तीनों को अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था, जहां दो ने दम तोड़ दिया, जबकि एक का इलाज जारी है। मरने वालों में एक सेना के अधिकारी थे। ब्लास्ट के बाद इलाके की घेराबंदी कर दी गई है और तलाशी अभियाण चलाया गया है।



एक अधिकारियों ने बताया कि सभी जवान दोपहर करीब 3.5० बजे गश्त पर थे। इसी दौरान भट्टल क्षेत्र में एक चौकी के पास विस्फोट हुआ। उन्होंने बताया कि घायल जवानों को अस्पताल ले जाया गया, जहां एक कैप्टन समेत एक जवान की मौत हो गई। अन्य घायल जवान की हालत खतरे से बाहर है।

बता दें कि एक दिन पहले ही पाकिस्तान ने कायराना हरकत की थी। सोमवार को केरी सेक्टर में भारतीय सेना के गश्ती दल पर गोलीबारी के बाद अब नौशेरा सेक्टर में स्नाइपर हमला किया। इसमें गोली लगने से गश्ती दल का एक जवान घायल हुआ था। उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। बता दें कि केरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा से सटे बारतगाला में आठ फरवरी को भी पाकिस्तानी सेना ने गश्त कर रहे भारतीय जवानों पर गोलीबारी की थी। मुंहतोड़ जवाब दिए जाने पर पाकिस्तान ने गोलीबारी बंद कर दी थी।

केरी सेक्टर में पाकिस्तान ने 2 सितंबर 2०2० को गोलीबारी की थी। इसमें सेना के जेसीओ बलिदान हो गए थे। इससे पहले नौशेरा में अगस्त 2०2० में पाकिस्तान की गोलीबारी में जवान बलिदान हो गया था।

## एक नजर

### ईवीएम का डाटा डिलीट न करें: सुप्रीम कोर्ट

**दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक याचिका पर सुनवाई करते हुए आदेश दिया कि चुनाव के बाद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) का डाटा डिलीट न किया जाए। शीर्ष कोर्ट ने चुनाव आयोग से पूछा कि चुनावों के बाद ईवीएम का डाटा कैसे सुरक्षित रखा जाता है और प्रक्रिया क्या होती है। कोर्ट ने आदेश दिया कि फिलहाल ईवीएम से कोई भी डाटा डिलीट न किया जाए और न ही इसमें कोई नया डाटा डाला जाए। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने चुनाव आयोग से पूछा कि चुनावों के बाद ईवीएम की मेमोरी और माइक्रो कंट्रोलर को बर्न करने की प्रक्रिया क्या है। सीजेआई ने कहा, इसमें किसी तरह का विवाद नहीं है। अगर चुनाव हारने वाले उम्मीदवार को शंका हो कि ईवीएम के साथ छेड़छाड़ हो सकती है, तो इंजीनियर से स्पष्ट किया जा सकता है कि ईवीएम में छेड़छाड़ की गई है या नहीं। शीर्ष कोर्ट एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स, हरियाणा और कांग्रेस नेताओं के एक समूह की ओर से दायर की गई।

# सीएम योगी बोले- वीवीआईपी ट्रीटमेंट लेने वाले महाकुंभ को लेकर कर रहे दुष्प्रचार

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**लखनऊ।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके विचारों की प्रासंगिकता को रेखांकित किया। इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की अंत्योदय की सोच आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में साकार हो रही है। उन्होंने गरीबी उन्मूलन के खोखले नारों पर विपक्ष को घेरा साथ ही सीएम योगी ने महाकुंभ को लेकर दुष्प्रचार करने वालों पर भी करारा प्रहार किया। सीएम योगी ने कहा कि जीवन भर वीवीआईपी ट्रीटमेंट लेने वाले लोग आज महाकुम्भ को लेकर दुष्प्रचार में जुटे हैं।



सीएम योगी ने कहा कि पिछली सरकारों ने गरीबी हटाने के बड़े-बड़े नारे दिए, लेकिन गरीबों की संख्या लगातार बढ़ती रही। वहीं, मोदी सरकार ने बीते 11 वर्षों में गरीबों को सशक्त बनाने का कार्य किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, शौचालय निर्माण, जल जीवन मिशन और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं की चर्चा की। उन्होंने बताया कि अब तक 4 करोड़ गरीबों को मकान मिल चुके हैं, 12 करोड़ शौचालय बने हैं, 1० करोड़ लोगों को मुफ्त गैस कनेक्शन मिला है और 8० करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। ये सभी योजनाएं अंत्योदय के मंत्र को साकार कर रही हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष द्वारा महाकुंभ को लेकर किए जा रहे दुष्प्रचार पर भी जवाब दिया। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में 29 दिन में 45 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में आस्था की डुबकी लगाई है, जो एक ऐतिहासिक घटना है। उन्होंने कहा कि भारत और चीन के बाद दुनिया के किसी देश की आबादी 45 करोड़ नहीं है, एक अस्थाई शहर में 45 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आकर डुबकी लगाए इससे बड़ी बात और क्या हो सकती है।

# लॉटरी वितरक केंद्र को सेवा कर देने के लिए उत्तरदायी नहीं

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र की याचिका खारिज

**दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने मंगलवार को लॉटरी वितरकों से सेवा कर वसूलने से जुड़ी केंद्र की एक याचिका खारिज कर दी। अदालत ने कहा कि लॉटरी वितरक केंद्र सरकार को सेवा कर देने के लिए उत्तरदायी नहीं हैं। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति एनके सिंह की पीठ सिक्किम उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ केंद्र की अपील से सहमत नहीं हुई।



न्यायमूर्ति नागरत्ना ने फैसला सुनाते हुए कहा, चूंकि इस संबंध में कोई एजेंसी नहीं है, इसलिए प्रतिवादी (लॉटरी वितरक) सेवा कर का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी नहीं थे। हालांकि, प्रतिवादी संविधान की सूची प्प् की प्रविष्टि 62 के तहत राज्य की ओर से लगाए गए जुआ कर का भुगतान करना जारी रखेंगे।

पीठ ने कहा, लॉटरी टिकट के खरीदार और फर्म के बीच हुए लेन-देन पर सेवा कर नहीं लगाया जाता है... उपरोक्त चर्चाओं के मद्देनजर, हमें भारत संघ और अन्य द्वारा दायर अपीलों में कोई योग्यता नहीं दिखती। इसलिए, इन अपीलों को खारिज किया जाता है।

सिक्किम उच्च न्यायालय के फैसले को बरकरार रखते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि केवल राज्य सरकार ही लॉटरी पर कर लगा सकती है, केंद्र नहीं। केंद्र ने तर्क दिया था कि वह सेवा कर लगाने का हकदार है। शीर्ष अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय का यह कहना सही था कि लॉटरी सट्टेबाजी और जुआ की श्रेणी में आती है, जो संविधान की राज्य सूची की प्रविष्टि 62 का हिस्सा है।

# सड़कों पर न लगे वाहनों की कतारें, मेला क्षेत्र में अनाधिकृत वाहनों का प्रवेश वर्जित

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार देर रात शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में प्रयागराज, कौशाम्बी, कानपुर, सुल्तानपुर, अमेठी, वाराणसी, अयोध्या, मीरजापुर, जौनपुर, चित्रकूट, बांदा, प्रतापगढ़, भदोही, रायबरेली, गोरखपुर, महोबा और लखनऊ आदि जनपदों/जोन/रेंज में तैनात वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और मंडलायुक्तों तथा जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विशेष बैठक कर महाकुम्भ की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज महाकुंभ मार्ग पर यातायात थमने न देने और पार्किंग स्थलों का सही उपयोग करने का निर्देश दिया। देर रात वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए उन्होंने प्रयागराज समेत कई जिलों में ट्रैफिक जाम का संज्ञान लेते हुए निर्देश दिया कि हर दिशा से वाहन प्रयागराज आ रहे हैं।



# जीएसटी के तहत औसत कर 15.8 प्रतिशत से घटकर 13.3 प्रतिशत हुआ

**दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को राज्यसभा में बताया कि वस्तु व सेवा कर (जीएसटी) के तहत अप्रत्यक्ष कर इसके लागू होने के बाद से पिछले कुछ वर्षों में काफी कम हुआ है। उन्होंने कहा कि पिछली अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था के तहत औसत कर 15.8 प्रतिशत था, जीएसटी के तहत यह अब घटकर 11.3 प्रतिशत हो गया है। पश्चिम बंगाल का प्रतिनिधित्व करने वाले अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस (एआईटीसी) के सांसद नदीमुल हक की ओर से उठाए गए एक सवाल का जवाब देते हुए, वित्त मंत्री ने ने समय के साथ जीएसटी दरों में कमी की जानकारी दी। वित्त मंत्री ने कहा, पहले रोजमर्रा की वस्तुओं पर 15.8 प्रतिशत कर लगाया जाता था। अब जीएसटी के तहत दरें घटकर 11.3 प्रतिशत हो गई हैष् सीतारमण ने कहा कि जीएसटी के तहत एक भी वस्तु पर कर नहीं बढ़ा है, बल्कि कई वस्तुओं पर कर कम हुआ है।



सत्र के दौरान सांसद हक ने यह भी पूछा कि क्या सरकार आयकर में किए गए सुधारों के समान कर स्लैब की संख्या को कम करके जीएसटी संरचना को सरल बनाने की योजना बना रही है। जवाब में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 279ए के तहत स्थापित जीएसटी परिषद सहकारी संघवाद का एक मजबूत उदाहरण है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जीएसटी से संबंधित सभी निर्णय जीएसटी परिषद की ओर से लिए जाते हैं

## 69००० शिक्षक भर्ती: आज भी सुप्रीम कोर्ट में नहीं हो सकी सुनवाई

**दिल्ली।** 69००० शिक्षक भर्ती मामले में मंगलवार को एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई न होने से अभ्यर्थी निराश हैं। सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई होनी थी। लेकिन समयाभाव के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस प्रकरण की सुनवाई मार्च के पहले सप्ताह में होगी।



आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र पटेल ने कहा की इस प्रकरण के निस्तारण के लिए सरकार की ओर से कोई पहल नहीं की जा रही है। जिसके चलते सुप्रीम कोर्ट में लंबी-लंबी डेट मिल रही। अमरेंद्र ने कहा कि हम आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी पिछले लगभग चार वर्ष से लगातार संघर्ष कर रहे हैं। सरकार से मांग करते हैं, लेकिन हमारी बात नहीं सुनी जा रही। सुनवाई न होने से सभी अभ्यर्थी आहत हैं। सरकार सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के लिए निवेदन करें नहीं तो हम विधानसभा सत्र के दौरान पूरे प्रदेश के अभ्यर्थियों के साथ विधानसभा का घेराव करेंगे।

उन्होंने कहा की 69००० शिक्षक भर्ती में आरक्षण लागू करने में विसंगति के कारण हम अभ्यर्थी दर -दर की ठोकर खा रहे हैं जबकि हमें हाईकोर्ट डबल बेंच ने न्याय देते हुए फैसला हमारे पक्ष में सुनाया हैं। सरकार की लापरवाही के कारण यह मामला अब सुप्रीम कोर्ट में चला गया है।

हाईकोर्ट डबल बेंच का फैसला आने से पहले भी अभ्यर्थियों ने 64० दिन लगातार धरना प्रदर्शन, भूख हड़ताल और मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री समेत कई मंत्रियों के आवासों का घेराव भी किया था।

अमर भास्कर ज़िद सच की
अमर भास्कर
आवश्यकता है-
अमर भास्कर
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र एवं न्यूज चैनल)
को पूरे देश में प्रदेश स्तर, मण्डल स्तर
जिला स्तर, तहसील स्तर, ब्लॉक एवं थाना स्तर पर
अनुभवी एवं शिक्षित संवाददाता एवं विज्ञापन प्रभारियों की।
संपर्क करें:-
मोबा. 9411214614, 9058143211, 7599339198
ऑफिस:-
निकट होटल रिजेन्सी, लावेला चौक, बदायूँ (उ.प्र.)- 243601
www.amarbhashkar.com
Email- amarbhashkar21@gmail.com

# प्रवर्तन दल-व्यापारियों में हुई मारपीट

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**आगरा।** नगर निगम के प्रवर्तन दल ने आज तोता का ताल यमदिया कटरा क्षेत्रद्ध में बवाल करा दिया। यहां बन रहे एक नाले के लिए अतिक्रमण हटाने के नाम पर प्रवर्तन दल ने कई दुकानदारों की बुरी तरह पिटाई कर दी। चार दुकानदारों को चोटें लगी हैं। इसके बाद पूरे बाजार में आक्रोश फैल गया और देखते ही देखते विरोध में बाजार बंद हो गया। मौके पर जमकर हंगामा हो रहा है। नगर निगम प्रवर्तन दल के खिलाफ जमकर नारेबाजी हो रही है। सभी दुकानदार बाजार में ही धरने पर बैठ गए हैं।



तोता का ताल पर नगर निगम के प्रवर्तन दल द्वारा व्यापारियों से मारपीट किए जाने के विरोध में धरने पर बैठे व्यापारी। दूसरे चित्र में वे व्यापारी जो चुटैल हुए हैं। तोता का ताल क्षेत्र में नगर निगम की ओर से एक नाले का निर्माण कराया जा रहा है। नाले के लिए सर्वे करने तय हो गया था कि नाला उसी जगह बनाया जाएगा जहां पर वर्तमान में नालियां हैं। इधर नाले का निर्माण करने वाले ठेकेदार प्रशांत पालीवाल और एई सोमेश ने आज नगर निगम के प्रवर्तन दल को बुला लिया।

नगर निगम प्रवर्तन दल के लोगों ने अतिक्रमण हटाने के नाम पर नाली के पीछे दुकानों के अंदर तक तोड़फोड़ शुरू कर दी। इसका दुकानदारों ने विरोध किया तो प्रवर्तन दल में शामिल लोगों ने दुकानदारों को पकड़कर पीटना शुरू कर दिया। कई दुकानदारों को पीटा गया, जिसमें रिंकू बंसल, बब्बल यादव और राहुल सैनी के साथ ही एक अन्य दुकानदार घायल हो गया। किसी के सिर में चोट लगी है तो किसी के हाथ में। प्रवर्तन दल द्वारा दुकानदारों से मारपीट किए जाने पर बाजार में आक्रोश फैल गया। सभी दुकानदार मौके पर एकत्रित हो गए और विरोध में अपनी-अपनी दुकानें बंद कर प्रवर्तन दल को घेरकर नारेबाजी शुरू कर दी। सभी दुकानदार बाजार में ही धरने पर बैठ गए हैं और रहग्रह कर नारेबाजी कर रहे हैं।

समाचार लिखे जाने तक मौके पर हंगामा जारी था। पुलिस भी पहुंचकर गई थी और आक्रोशित व्यापारियों को शांत करने की कोशिश कर रही थी। हंगामा बढ़ने पर नगर निगम की टीम मौके से चली गई थी। सूचना मिलने के बाद भाजपा पार्षद शरद चौहान भी मौके पर पहुंच गए थे। शरद चौहान का कहना है कि बाजार में प्रवर्तन दल ने बहुत गलत किया है। नाले के बारे में पहले ही सब कुछ तय हो चुका थाए तो फिर आज तोड़फोड़ किए जाने की क्या जरूरत थी।

## खून से लथपथ मिला युवक का शव

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** मंगलवार की सुबह इगलास क्षेत्र के गांव हस्तपुर चंदफ्री बंबा पर एक युवक का खूंन से लथपथ शव मिलने से हडकंप मच गया है। सूचना मिलने पर ग्रामीण और पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस का कहना है कि शव कैमावली निवासी 32 वर्षीय श्यामवीर का बताया जा रहा है। क्षेत्राधिकारी इगलास वरुण कुमार सिंह के द्वारा जानकारी देते हुए बताया है कि आज सुबह करीब साढ़े 7 बजे थाना इगलास के हैबतपुर मार्ग के समीप और श्यामवीर नाम का एक व्यक्ति जो कि कैमावली थाना इगलास का रहने वाला है, जो मृत अवस्था में शव प्राप्त हुआ है। मृतक के परिजनों का कहना है कि मृतक श्यामवीर नोऐडा में नौंकरी करता है।

# सुदामापुरी की गलियों में कुत्तों और छतों पर बंदरों का राज

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** वार्ड नं० 82- सुदामापुरी की गलियों में कुत्तों और छतों पर बंदरों का राज है, दोनों ही जानवरों के आतंक से यहां के लोगों का बुरा हाल है, यहां कुत्तों के जमावाडे के कारण बच्चों और फेरी वालों का निकलना भी कठिन हो गया।



ये कुत्ते हर एक फेरी वाले और महिलाओं, बच्चों के पीछे भागते हैं, कुत्तों के पीछे भागने से कई लोग और बच्चे जख्मी हो चुके हैं, लेकिन कोई भी कुत्तों और बदंरों से निजात देने के लिए आगे आ रहा है। यहां के रहने वाले लोग कहते हैं कि उनका पार्षद तो पूरी तरह से नाकारा हैं, चुनाव के बाद उसकी सूरत तक नहीं देखी हैं और नगर निगम भी शुद नहीं ले रहा है। लोगों का कहना है कि कुत्तों के कारण बाहर से आने वाले रिश्तेदार भी उनके घर आने में कतराने लगे हैं क्यों कि अब तक यह कुत्ते कईयों को घायल कर चुके हैं। रात के समय तो मौहल्ले के लोगों पर हमलावर हो जाते हैं। वहीं इस मोहल्ले में बंदरों का भी आतंक कोई कम नहीं है, यह बंदर छत्तों नीचे उतरकर घरों में घुस जाते हैं आते हैं, रसोई में रखीं खाने पीने की चीजों के अलावा कपड़े तक ले जाते। सर्दी के इस मौसम में बंदरों के भय से महिलाएं और बच्चें अपने घर की छत पर भी नहीं जाते हैं। उन पर पता नहीं कब बदंर झपट्टा मार दे।

यहां के कुछ लोग ऐसे हैं कि इन जानवरों को खाना डालते रहते हैं, यहीं कारण है कि कुत्तों ने सुदमापुरी की गली नं०4 अपना आशियाना बना लिया है। लोगों का कहना है कि नगर निगम अधिकारी इधर भी देखे, जिससे वह इन आवारा कुत्तों और बंदरों का शिकार होने से बच सकें।

# दर्जनों शिकायतों का किया निस्तारण

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में जनपद में आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त होने वाली जनशिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु शुरू किया गया है विशेष अभियान। इस अभियान के नोडल अधिकारी अखिलेश भदौरिया अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण को नामित किया गया है।



विशेष अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारियों द्वारा शिकायतकर्ता के मौके पर जाकर किया जा रहा है शिकायतों का निस्तारण प्रत्येक क्षेत्राधिकारी अपने सर्किल के थाना क्षेत्र में कम से कम ०1 स्थान व थाना प्रभारी अपने क्षेत्र में कम से कम ०2 स्थानों पर प्रतिदिन मौके पर निस्तारण करेंगे चलाये गये विशेष अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त थानों पर प्राप्त शिकायतों में से कुल 48 शिकायतों का किया गया मौके पर निस्तारण विशेष अभियान के अन्तर्गत शिकायतकर्ता को अपनी शिकायत के निस्तारण हेतु नहीं होना पड़ेगा परेशान फिरोजाबाद पुलिस शिकायतकर्ता के घर मौके पर स्थलीय निरीक्षण कर करेगी शिकायत का समाधान व दोनों पक्षों का फीडबैक लेकर शिकायत के समाधान के सम्बंध में सन्तुष्ट किया जायेगा शिकायतकर्ता को बार-बार थाने अथवा उच्चाधिकारियों के पास पुलिस ऑफिस आने की आवश्यकता नहीं पडेगी, उसकी शिकायत का निस्तारण और बेहतर तरीके से मौके पर हो पायेगा।

## टैक्सी ड्राइवरों ने की सांकेतिक हड़ताल

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**आगरा।** कैंट के सभी प्रीपेड आटो टैक्सी ड्राइवर एसोसिएशन की ओर से सोमवार को सांकेतिक हड़ताल की गई। सुबह सात बजेसे करीब 11 बजे तक यह हड़ताल रही जिसमें आनलाइन टैक्सी कंपनियां ओला, उबर और रैपिडो जैसी सेवाओं के विरोध किया गया। मीटिंग के बाद संरक्षक अनुपम पंडितए अध्यक्ष शाहिदखान, महामंत्री अनिल शर्मा, उपाध्यक्ष लोकेश परमार व मुन्ना भाई के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल मंडलायुक्त से मिला और अपनी मांगो को लेकर ज्ञापन दिया गया। महामंत्री अनिल शर्मा के अनुसार शहर में तकरीबन 45० प्रीपेड टैक्सी हैं। लेकिन आनलाइन बुकिंग के कारण प्रीपेड टैक्सी चालकों के रोजगार और परिवार पर संकट छा गया है। उन्होंने तत्काल ओला, उबर और रैपिडों की सेवाओं पर रोक लगाने की मांग की है।

# अधिकारियों के वेतन रोकने के दिए निर्देश: सीडीओ

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**फिरोजाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में सीएम डैशबोर्ड की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने लोक निर्माण विभाग, विद्युतए परियोजना अधिकारी नेडा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कृषि, चिकित्सा, जल जीवन मिशन, पंचायती राज, पर्यटन, पशुधन, पिछड़ा वर्ग, मत्स्य, बाल विकास, समाज कल्याण, उपायुक्त उद्योग आदि विभाग की गहनता से समीक्षा की।



बैठक के दौरान विभागों द्वारा कार्यों में शिथिलता बरतने और कार्यों को धीमी गति से करने वाले अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस तथा विभागीय कार्यवाही करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने लोक निर्माण विभाग की समीक्षा के दौरान सड़क निर्माण के कार्यों की प्रगति खराब होने पर अत्यंत नाराजगी व्यक्त की एवं कड़े निर्देश देते हुए कहा कि खण्डवार सड़कों का विवरण उपलब्ध कराऐं और स्वीकृत सड़क निर्माण की लम्बाई पूर्ण करना सुनिश्चित करेंए साथ ही वह वित्तीय प्रगति में भुगतान न किए जाने की स्थिति से खासे नाराज दिखें एवं इनके द्वारा निर्माण कार्यों में शिथिलता बरतने पर जनपद की रैंकिंग प्रभावित हो रही है।

जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने एक्सईएन पीडब्ल्यूडी को स्पष्टीकरण देने व कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने विद्युत विभाग की शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में खराब प्रगति पर गहरी नाराजगी प्रकट करते हुए सहायक अभियंता और अवर अभियंताओं पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

बैठक में हर घर जल योजना के अंतर्गत कार्य प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपने कार्यों को ससमय गुणवत्तापूर्ण ढंग से करेंए जिससे जिलें की रैंकिंग प्रभावित न हो। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राम बदन राम, परियोजना निदेशकए डीएसटीओ एम पी सिंहए जिला विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, उपायुक्त उद्योग, सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# कलश यात्रा के साथ हुआ भागवत कथा का



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**नौहझील।** कस्बा नौहझील में होली गली स्थित कुशवाह गली में मंगलवार को कलश यात्रा के साथ 7 दिवसीय भागवत कथा का शुभारंभ हो गया।

सुबह 9 बजे कलश यात्रा 2०1 कलशों के साथ कथा स्थल से शुरू होकर थाना गली, द्रोपदी चौक, पथवारी मंदिर, टोली मौहल्ला, बाजना तिराहा, ब्लाक होते हुए कथा स्थल पहुंची। दोपहर को भागवत कथा में भागवताचार्य अंजली किशोरी जी ने अपने मुखारविंद से श्रृद्धालुओं को भागवत कथा श्रवण कराते हुए कहा कि भागवत की कथा भगवान की कृपा से प्राप्त हो पाती है। भगवान की प्राप्ति कराने वाली है। यह कथा मृत्यु के भय को दूर करके भगवान की और आगे बढ़ाती है और भक्ति के साथ-साथ हमारे ज्ञान वैराग्य को बल देती है।श्रीमद्भागवत में भक्तों की ऐसी दिव्य कथाएं हैं जिनको सुनकर हृदय में भक्ति का उदय होता है और साथ ही साथ मनुष्य के जीवन में सुधार होता है। वह मनुष्य अपना जीवन तभी पूर्ण कर सकता है जब वह भगवान की भक्ति करेगा। इस दौरान प्रधान प्रशांत गुप्ता, उमाकांत शर्माए मुकेश प्रधान, श्याम कुशवाह, लाखन कुशवाह, चरन सिंह, अमर सिंह, हरिओम, विकास, श्याम बिहारी कटारा सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## यमुना एक्सप्रेस वे पर बड़ा हादसा टला

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**आगरा।** यमुना एक्सप्रेस वे पर बड़ा हादसा टला टायर फटने पर कार अनियंत्रित होकर टेंपो ट्रेवलर से टकराई। मथुरा के बलदेव थाना क्षेत्र में यमुना एकसप्रेस वेर सोमवार को बड़ा हादसा होने से टल गया। तेज रफ्तार से जा रही एक कार का टायर फट गया जिससे वह अनियंत्रित होकर टेंपो ट्रेवलर से टकरा गई। इस पर टेंपो ट्रेवलर पलट गई। हादसे में कई यात्रियों के मामूली चोट आई है। हादसा माइलस्टोन 124 के पास हुआ।

नोएडा की तरफ जा रही एक इनोवा कर का बांया टायर फट गया। इससे वह बगल में चल रही टेंपो ट्रेवलर से जा टकराई। हादसे में नोएडा के रहने वाले चंद्रावती, इशिका शर्मा, दया शर्मा, पारुल और संजय घायल हो गए। वहीं इनोवा में सवार लोगों के भी मामूली चोट आई हैं।

# लाभार्थियों को वितरित किए स्वीकृति चैक

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** प्रदेश के सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम एवं हथकरघा मंत्री राजेश सचान द्वारा नुमाइश मैदान के कोहिनूर मंच पर मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अन्तर्गत प्रदेश के प्रथम मण्डल स्तरीय ऋण वितरण शिविर का दीप प्रज्ज्लन कर शुभारंभ किया गया।



मंत्री जी ने ऋण वितरण शिविर में आए युवा उद्यमियों को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ से सीएम-युवा योजना के तहत प्रथम ऋण वितरण शिविर का आगाज हुआ है। योजना के तहत अनौखी पहल करते हुए आगामी 1० वर्ष में 1० लाख औद्योगिक इकाईयां संचालित कराते हुए युवाओं को लाभान्वित कराना है। उन्होंने कहा कि अलीगढ़ व आगरा मण्डल के हजारों युवा उद्यमी हैं, इनको सरकार वित्तपोषित योजनाओं का लाभ देने के लिए बैंकों को कोड जारी किए गए हैं। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से आव्हान किया कि बैंकर्स के साथ समन्वय बैठक कर अधिक से अधिक युवाओं को योजना से लाभान्वित कराए।

उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से योजना का प्रचार-प्रसार बूथ लेबिल तक करने का भी आव्हान किया। मंत्री जी ने बताया कि उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सीएम-युवा का शुभारम्भ किया। योजना के तहत प्रदेश में अब तक लगभग 8० हजार से अधिक युवाओं ने पंजीकरण कराया है जिनमें से लगभग 36 हजार आवेदन बैंकर्स को प्रेषित किए गए जिनमें से 129०० युवाओं के ऋण स्वीकृत किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष में अभी भी लगभग 5० दिन शेष हैं ऐसे में अधिक से अधिक युवाओं में लाभान्वित कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने बताया कि 2०18 में योगी जी द्वारा आरम्भ की गई ओडीओपी एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना को मा० प्रधानमंत्री जी ने पूरे देश में लागू किया है। पूरे देश में 5 करोड़ एमएसएमई इकाईयों में से लगभग 96 लाख उत्तर प्रदेश में है और यह हिस्सेदारी 16 प्रतिशत से अधिक है। उन्होंने बताया कि अलीगढ़ में प्रदेश के पहले प्लेज का निर्माण हुआ है, जिसका लाभ जल्द ही यहां के उद्यमियों को मिलेगा।

# कोर्ट में हुई कंगना रनौत के मामले में सुनवाई

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**आगरा।** पुलिस ने वादी और गवाहों के बयान दर्ज कर कोर्ट में पेश की रिपोर्ट। 27 फरवरी को होगी सुनवाई हिमाचल प्रदेश के मंडी से सांसद और अभिनेत्री कंगना रानावत के खिलाफ आज कोर्ट में सुनवाई हुई। स्पेशल कोर्ट एमपी एमएल, अनुज कुमार सिंह की कोर्ट में हुई सुनवाई में पुलिस द्वारा अपनी रिपोर्ट कोर्ट में पेश की गई। इस मामले में अब सुनवाई के लिए 27 फरवरी की तारीख नियत की गई है।



पिछली तारीख को कोर्ट ने थाना न्यू आगरा से वादी एवं गवाहों के बयानों के संदर्भ में जांच कर आख्या 8 फरवरी को पेशन करने के लिए नोटिस जारी किया था। इंस्पेक्टर न्यू आगरा राजवीर सिंह ने वादी वरिष्ठ अधिवक्ता रमाशंकर शर्मा एवं गवाह राजेंद्र गुप्ता धीरज एडवोकेट एवं अजय सागर निमेष एडवोकेट केक बयान दर्ज किए गए हैं। सोमवार को पुलिस द्वारा कोर्ट में आख्या पेश की गई।

बता दें कि राजीव गांधी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता रमाशंकर शर्मा ने कंगना रानौत के खिलाफ किसानों के प्रति अमर्यादित टिप्पणी कर उनहें हत्यारा, बलात्कारी और अलगाववादी बताने तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के अहिंसात्मक सिद्धांत का अपमान करने एवं आजादी को महात्मा गांधी के भीख के कटोरे में मिली बताकर राष्ट्र के शहीदों क्रांतिकारियों एवं स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान करने के आरोप में 11 सितंबर 2०24 को यह वाद कोर्ट में पेश किया था।

## छात्रा ने चीफ प्राक्टर को जड़े थप्पड़

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** विवेकानंद कॉलेज की एलएलबी की छात्रा ने के चीफ प्राक्टर डॉ. रेनू सिंघल को थप्पड मारे। शिक्षकों व छात्रों ने छात्रा को अलग किया। जिसे शिक्षकों ने छात्रा को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। आपको बतादें की धर्म समाज महाविद्यालय में द्वितीय पाली में सुबह 11.3० बजे से एलएलबी की परीक्षा चल रही थी। 1.3० बजे परीक्षा खत्म हुई। इसी दौरान परीक्षा हॉल से बाहर आई पंचम सेमेस्टर की छात्रा ने परिसर में भ्रमण कर रही प्रॉक्टर डॉ. रेनू सिंघल को देखा। छात्रा तुरंत उनके पास पहुंची और बुरा भला कहते हुए कई चाटे मारे। विवाहित छात्रा के अनुसार, शनिवार की परीक्षा के दौरान नकल करने के शक में प्रॉक्टर ने उसे चांटा मारा था। वह केवल रफ पेपर पर कुछ लिख रही थी।

# शताब्दी एक्सप्रेस में यात्रा कर सकेंगे लोग




**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** शताब्दी ट्रेन का डाउन में ठहराव मिलने पर दैनिक रेल यात्री संघ द्वारा अलीगढ़ सांसद सतीश गौतम को धन्यवाद दिया गया। संस्था के संगठन मंत्री सरदार दलजीत सिंह ने बताया कि रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में माननीय सांसद जी को संस्था के सचिव, अरविंद तिवारी द्वारा एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें दैनिक यात्रियों व नगरवासियों के लिए अलीगढ़ से नई दिल्ली के बीच इंटरसिटी ट्रेन की मांग रखी गई है।

विदित हो कि इंटरसिटी की मांग पिछले कई वर्षों से की जा रही है। सांसद जी ने इस मांग को रेल मंत्री जी तक पहुंचाने व संचालन करवाने के लिए अपने स्तर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। मौजूद रहे लोगों में प्रशांत सिंहल महापौर, अलीगढ़, सतीश गौतम सांसद अलीगढ़ महानगर अध्यक्ष राजीव शर्मा, किशनपाल लाला जिला अध्यक्ष, क्वारसी मंडल अध्यक्ष पवन लावानीया, महामंत्री अजीत चौधरी प्रमोद शर्मा, अमित राघव प्रमोद शर्मा जी, विधायक मुक्ता राजा, आबिद अली पूर्व प्रत्याशी, नसीर अहमद आदि काफी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बॉक्सिंग में किया शानदार प्रदर्शन

**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**अलीगढ़।** विद्या भारती से सम्बद्ध सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेन्डरी स्कूल, खैर मार्ग के 25 विद्यार्थियों ने 9 से 1० फरवरी तक मदरसा चाचा नेहरू में अलीगढ़ महोत्सव के अंतर्गत आयोजित बॉक्सिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए 17 पदक प्राप्त किए। सभी बालक वर्ग के सब जूनियर प्रतिभागी आगामी प्रतियोगिता हेतु लखनऊ में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इसमें मुस्कान, कनक, फतेहश सिंह, हिमांशु, हर्ष कुमार, यामिनी चौधरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

मनु ठाकुर, आकाश सिंह, प्रिंस सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं प्राची चौधरी, वैशाली शर्मा, मोहित, सागर प्रजापति, नैतिक शर्मा, देव सारस्वत, प्राची चौधरी, शोभित, धैर्य प्रताप सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# नशे में दरिंदा बन जाता था बड़ा भाई, इसलिए छोटे भाई ने मार दिया



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** जरीफनगर थाना क्षेत्र के एक गांव में दो फरवरी की रात हुई युवक की हत्या का खुलासा हो गया। युवक की हत्या उसके छोटे भाई ने ही गला दबाकर की थी। उसने बताया कि भाई उसकी पत्नी के साथ शराब के नशे में दुष्कर्म करता था। विरोध करने पर उसे पीटता था। घटना वाली रात भी वह पत्नी से शराब के नशे में जबरदस्ती कर रहा था।

एसपी देहात केके सरोज ने बताया कि जरीफनगर क्षेत्र में दो फरवरी की सुबह एक युवक का शव उसके ही घर के दरवाजे पर मिला था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में गला दबाने से मौत की पुष्टि हुई थी। युवक के बड़े भाई ने गांव के ही कुछ लोगों के खिलाफमुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने हत्या के मामले की जांच की तो पता चला कि मृत युवक शराबी व दबंग किस्म का था। वह नशे में अक्सर महिलाओं के साथ बदसलूकी करता था। उसके खिलाफ साल 2०14 में पॉक्सो एक्ट के तहत दुष्कर्म के आरोप में मुकदमा दर्ज हुआ था। उसके दो भाई हैं। युवक अक्सर शराब के नशे में छोटे भाई की पत्नी के कमरे में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म करता था। विरोध करने पर छोटे भाई को पीटता था। यह बात गांव में सभी को पता थी। इसी आधार पर पुलिस ने मृत युवक के छोटे भाई को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इस पर उसने हत्या करने की बात कबूल कर ली।

पुलिस की पूछताछ में हत्यारोपी ने बताया कि दो फरवरी की रात उसका भाई शराब के नशे में घर लौटा था। उस समय वह शौच के लिए खेत पर गया था। बड़ा भाई खेत पर सिंचाई कर रहा था। इसी बीच युवक आ गया और उसकी पत्नी को अकेला पाकर पकड़ लिया। उसके साथ जबरदस्ती करने लगा। इसी बीच वह घर पहुंच गया। उसने धक्का देकर भाई को जमीन पर गिरा दिया। सीने पर बैठकर उसका गला दबा दिया। इसके बाद साड़ी से गले में फंदा बनाकर घर के आंगन में खड़े नीम के पेड़ पर लटका दिया। जब वह मर गया तो उसके शव को दरवाजे के बाहर डाल दिया। आरोपी ने उसे कोई पछतावा नहीं है।

अब खुलासा होने के बाद नाधा चौकी पुलिस की लापरवाही सामने आई है। बताते हैं कि जिस युवक की हत्या की गई उससे पहले उसने मुकदमे में नामजद एक व्यक्ति के घर पर शराब पी थी। जब नशा चढ़ा तो उसने शराब पिलाने वाले की बेटी को ही पकड़ लिया। युवती के साथ बदसलूकी करते हुए हाथ और गाल पर काट लिया। पीड़ित ने अपने साथियों के साथ युवक को पकड़कर नाधा चौकी की पुलिस को सौंप दिया था, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई के बजाय उसे चौकी से छोड़ दिया। इसके बाद युवक अपने घर पहुंचा। जहां उसने छोटे भाई की पत्नी के साथ बदसलूकी की। इसी दौरान छोटे भाई के हाथों उसकी हत्या भी हो गई।

# एसएसपी ने बिसौली कोतवाली का किया औचक निरीक्षण



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बिसौली।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. बृजेश कुमार सिंह मंगलवार को बिसौली कोतवाली का वार्षिक औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं अधीनस्थों को अपराध नियंत्रण के लिए निर्देश दिए।

एसएसपी डा. बृजेश कुमार सिंह को बिसौली कोतवाली पहुंचने पर गॉड ऑफ अनार दिया गया। श्री सिंह ने निरीक्षण के दौरान हवालात को देखा।कार्यालय का जायजा लिया। सीसीटीएनएस कार्यालय का निरीक्षण किया। इसके बाद अभिलेखों का रखरखाव को देखा। बैरिक का निरीक्षण किया। कोतवाली में स्थित भोजनालय में जाकर चेकिंग की। महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कोतवाली परिसर, कार्यालय सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहां महिला हेल्प डेस्क रजिस्टर को विधिवत मेंटेन रखा जाए। उसको उन्होंने चेक भी किया। श्री सिंह ने निर्देश दिए कि अभिलेखों के रख रखाव में किसी भी स्तर पर कोताही न बरती जाए। श्री सिंह ने निरीक्षण के दौरान पुलिस जवानों से सवाल-जवाब करने के साथ ही जन समस्याएं भी सुनी। पुलिस अधिकारी कर्मचारियों से चर्चा करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली परिसर में हमेशा सफाई रखने, फरियादियों से शिष्टाचार पूर्वक व्यवहार करने को निर्देशित किया। इस दौरान एसपी देहात के.के. सरोज आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### प्रकाश पुंज पुस्तक भेंट कर समिति ने साहित्यकारों को किया सम्मानित



**बदायूं।** उत्तर प्रदेश हिन्दी प्रचार समिति बदायूं ने कृष्ण मुरारी लाल मानव एटा एवं फरीद अल्वी शायर को एटा में सम्मानित किया। समिति सचिव षट्वदन शंखधार ने बताया कि 2०24 में वृहद काव्य कुंभ बदायूं में आयोजित किया गया था, जिसका उद्घाटन राज्य सूचना आयुक्त जी ने किया था। जिसमें साहित्य के प्रकाश पुंज नामक पुस्तक का विमोचन किया गया था। उस कार्यक्रम में इन दोनों साहित्यकारों को भी आमंत्रित किया था लेकिन यह निजी कारणों से प्रतिभाग नहीं कर पाये थे। इसलिए आज संस्था के पदाधिकारियों ने प्रमाण पत्र और पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया।

कृष्ण मुरारी लाल मानव एटा और शायर फरीद अल्वी ने संस्था का शुक्रिया अदा किया और कहा कि बदायूं में उत्तर प्रदेश हिन्दी प्रचार समिति ही बदायूं में लोगों को काव्य के क्षेत्र में अवसर प्रदान कर रही है, नित नये युवा इससे बहुत कुछ सीख रहे हैं हम सब आभारी हैं। इस अवसर पर अभय सिंह अभय, महेश मंजुल, अच्छन बाबू, सुनील शर्मा,वेदराम वेद, मधुसूदन उपस्थिति रहें।

### वार्षिक स्पोर्ट्स मीट कार्यक्रम का भव्य आयोजन



**बदायूं।** जेएस (पी.जी) कॉलेज बदायूं में गत वर्ष की तरह सत्र 2०24 -25 वार्षिक स्पोर्ट्स मीट कार्यक्रम का भव्य आयोजन नेहरू युवा केंद्र बदायूं, युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में कॉलेज ग्राउंड में किया गया। जिसमें कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के इवेंट जैसे बैडमिंटन, वॉलीबॉल ,खो-खो, कबड्डी, रेस जैसे 2०० ,4००,8०० मीटर और स्लो साइक्लिंग में बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि प्रो० आशीष कुमार सक्सेना प्राचार्य एनएमएसएन दास कॉलेज, कॉलेज प्रबंधक नरेंद्र कुमार यादव, कॉलेज डायरेक्टर विकास यादव, विशिष्ट अतिथि प्रो० संजीव कुमार सक्सेना, प्रो० मनवीर सिंह, कालीचरण शाक्य ब्लॉक प्रमुख म्याऊं तथा माहे आलम उपनिदेशक नेहरू युवा केंद्र बदायूं के द्वारा स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित करके किया गया। विभिन्न प्रकार के इवेंट्स में विजेता छात्र-छात्राओं को कॉलेज प्रबंधक श्री नरेंद्र कुमार यादव जी के द्वारा पुरस्कार, मेडल तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए और सभी को जलपान भी कराया गया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य राहुल कुमार, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी छबिराम सिंह, शिक्षक उत्पल मिश्रा, आदित्य भारद्वाज, योगेंद्र कुमार ,अनिल कुमार द्विवेदी, हिमांशु पाल, सुधीर यादव, पूर्णिमा गौड़, साक्षी गुप्ता, बेबी तरन्नुम, फिरदौस बी, रितु दीक्षित, खेल प्रशिक्षक विकास यादव, तथा विकेश यादव, रविंद्र पाल सिंह प्रभारी नेहरू युवा केंद्र बदायूं, कॉलेज मीडिया प्रभारी सुनील कुमार भास्कर आदि स्टाफ उपस्थित रहा।

### एनएसएस शिविर के दूसरे दिन मनाया स्वच्छता दिवस

**बदायूं।** ग्राम नरऊ बुजुर्ग में चल रहे राजकीय महाविद्यालय आवास विकास बदायूं के राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वामी विवेकानंद इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन स्वच्छता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ सतीश सिंह यादव के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिए रैली निकाली तथा गांव के मुख्य चौराहे, सामुदायिक भवन में झाड़ू लगा कर कूड़े का निस्तारण किया और समस्त गलियों की नालियों को साफ किया। बौद्धिक संगोष्ठी में मुख्य अतिथि राजकीय महाविद्यालय हेमपुर पीलीभीत के प्राचार्य डॉ दिनेश चन्द्रा ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छ रहना अति आवश्यक है।

# कुष्ठ जागरूकता अभियान में गोष्ठी का आयोजन



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**वजीरगंज।** राष्ट्रीय कुष्ठ जागरूकता अभियान के दौरान सामु. स्वास्थ्य केन्द्र वजीरगंज के अन्तर्गत गांधी जी की पुण्य तिथि पर ग्राम करगांव प्राथमिक विद्यालय में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के वारे में समस्त छात्र-छात्राओ को वताया गया कि आज विकसित भारत के अभियान के अवसर पी एमडब्लू विमल वार्ष्णेय ने वताया कि कुष्ठ रोग नाक और मुॅह से निकलने वाली बूंदो के माध्यम से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है, जो वात करने, छींकने या खांसने पर बाहर निकलती है कुष्ठ रोग को समाप्त करने के लिए भेदभाव, कलंक को समाप्त करना आवश्यक है और वताया कि यह रोग छींकने के साथ निकलने वाली वूंदो से फैलता है कुष्ठ रोग को पहचानना वहुत आसान है और यह साध्य है।

हम सभी कुष्ठ रोगियो को जितनी जल्दी हो सके खोजने के लि हर सम्भव प्रयास करेगें कुष्ठ रोग के लक्षण जैसे हाथ पैर में सुन्पन होना, खुजली का न होना, कुष्ठ रोगियो से भेदभाव भेदभाव न कर उन्हे भारत से कुष्ठ रोग को समाप्त करने के लिए हर सम्भव प्रयास करेगें। कुष्ठ रोग वंशानुगत नहीं है अर्थात यह माता से बच्चे में जीन के माध्यम से नहीं आता है। कुष्ठ रोग एक रोगाणु के कारण होता है।

# पूर्व राष्ट्रपति फखरूद्दीन अली की पुण्यतिथि मनाई



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** देश के पूर्व राष्ट्रपति फखरूद्दीन अली अहमद की 28वीं पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कमेटी के कैंप कार्यालय प्रपोज की आयोजन कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई ?। श्रद्धांजलि गोष्ठी में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी का सचिव जितेंद्र कश्यप मुख्य वक्त के रूप में शामिल रहे। गोष्ठी में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओमकार सिंह ने कहा कि 13 मई 19०5 को फखरुद्दीन अली अहमद का जन्म दिल्ली में हुआ था। उन्होंने उत्तर प्रदेश एवं दिल्ली से प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की थी और बाद में लंदन चले गए। वहां उन्होंने कैंब्रिज विश्वविद्यालय से डिग्री प्राप्त की। ओमकार सिंह ने उन्हें याद करते हुए कहा उन्हें 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान 3 साल के लिए कारावास भी मिला। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव जितेंद्र का कश्यप आजाद ने कहा कि फखरुद्दीन अली अहमद 24 अगस्त 1974 से लेकर अपने जीवन के अंतिम काल तक राष्ट्रपति रहे। ऐसे महान पुरुष जो हिंदू मुस्लिम को एक साथ लेकर चलने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी थे। श्रद्धांजलि गोष्ठी में जिला उपाध्यक्ष वीरेश तोमर जिला सचिव वीरपाल सिंह यादव ,शहर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अकील अहमद, रामप्रताप नरेश कुमार दिनेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# दबंगों द्वारा दलित युवक को पीटा, पीड़ित और उसके परिवार के मिले कांग्रेसी



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** प्रांतीय आव्हान पर दबंगो द्वारा शराब के नशे में दुगरैया से ललेई तक दलित युवकों के साथ मारपीट करने तथा इको गाड़ी से 2 किलोमीटर तक खिंचने की घटना के संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओमकार सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल जिला अस्पताल पहुँच कर उनसे वार्ता की गई मुलाकात के बाद जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओमकार सिंह ने कहा कि प्रांतीय आव्हान पर हमे निर्देश प्राप्त हुए हैं कि उक्त घटना की वस्तु स्थिति की जानकारी कर न्याय हेतु कार्य करें ओमकार सिंह ने आगे कहा घायल सोमवीर एवं अभय के परिवार द्वारा जो हमे जानकारी दी गयी जिसके मुताबिक दिनाँक ०9 फरवरी 2०25 की रात्रि को बिसौली के ग्राम भानपुर से दुगरैया निवासी मुंसी लाल पुत्र ख्याली राम के यहां बेटी की बारात आयी थी जिसमे शामिल होने सोमवीर गया था जहां पर शराब के नशे में धुत ढिंकु, नन्हे, प्रमोद, धीरेंद्र, विशाल, मेनू एवं अज्ञात लोगों ने हुड़दंग कर रहे थे तभी सोमवीर पुत्र फूल सिंह एवं अभय मौके पर उन्हें टोकने पहुचे तब उन्होंने उनके साथ मारपीट करते हुए सोमवीर को अपनी इको गाड़ी से खींचते हुए लगभग 2 किलोमीटर दूर गांव ललई के आसपास रोड पर मरणावस्था में मृत्य जानकर छोड़ दिया ओमकार सिंह ने आगे इस घटना में पुलिस की लापरवाही सामने आ रही है अभी तक कमर का पुलिस ने नहीं पीड़ितों की व्यक्ति कराई है नहीं उनकी तैयारी काम करना काम किया है और दबंग लोग खुलेआम घूम रहे हैं अगर जल्द ही कार्यवाही नही की गई तो बदायूँ कांग्रेस पीड़ितों के पक्ष में आंदोलन करने को बाध्य होगी। पृथ्वी मंडल में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव जितेंद्र कश्यप, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष वीरेश तोमर , जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव इगलास हुसैन आदि मौजूद रहे।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय के सपनों को साकार कर रही मोदी सरकार: राजीव



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** एकात्म मानववाद के एवं अंतोदय के प्रणेता पं० दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भाजपाइयों ने जगह जगह बूथों पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि करके समर्पण दिवस के रूप में मनाया।

भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने म्याऊं में दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि की और कहा दीनदयाल उपाध्याय एक दक्षिणपंथी भारतीय राजनीतिज्ञ और विचारक थे, जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा समर्थित हिंदुत्व विचारधारा के समर्थक थे। वे भारतीय जनसंघ पार्टी के नेता थे। दीनदयाल उपाध्याय का दृष्टिकोण भारत को न केवल कृषि क्षेत्र में बल्कि रक्षा और अन्य क्षेत्रों में भी एक स्वतंत्र और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में देखना था।

बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने अपने कैम्प कार्यालय पर दीनदयाल के चित्र पर पुष्पांजलि की और कहा एकात्म मानववाद अपने देश ही नहीं संपूर्ण बल्कि विश्व के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन एवं उनके द्वारा प्रस्तुत विचार एकात्म मानववाद , शोध का विषय बना है। मोदी सरकार एवं योगी सरकार द्वारा प्रस्तुत विचार के आधार पर लोक कल्याणकारी नीतियों के माध्यम से समाज की सेवा में जुटी है।

जनपद में प्रत्येक बूथ पर कार्यकर्ताओं ने श्लक्ष्य अंत्योदय, प्रण अंत्योदय, पथ अंत्योदय के संकल्प के साथ उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर जिला महामंत्री सुधीर श्रीवास्तव, केसी शाक्य, सुरजीव गुप्ता, देवेंद राजपूत, ओमपाल लोधी, पंकज पाठक, अंकित मौर्य, उदयवीर दिवाकर, नवनीत, मधुसदून गुप्ता उपस्थित रहे।

# मेडिकल कॉलेज में पर्चा बनाने को लेकर एमबीबीएस के छात्रों ने कर्मचारी को पीटा

## पीड़ित कर्मचारियों ने किया कार्य बहिष्कार

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** राजकीय मेडिकल कॉलेज में पर्चा बनवाने को लेकर पर्चा काउंटर के कर्मचारी अनिल को एमबीबीएस के छात्रों ने बाहर खींचकर जमकर पीटा। झगड़े में कुछ छात्रों को भी चोट लगी है। काफी देर चले हंगामे के बाद पहुंचे प्राचार्य और सीएमएस ने मामला शांत कराया। घायल कर्मचारी को इमरजेंसी में भर्ती कराया गया है। साथी से मारपीट के बाद कर्मचारियों ने पर्चा बनाना बंद कर दिया। इस पर प्राचार्य ने अन्य स्टाफ लगाकर पर्चा काउंटर की व्यवस्था सुचारू कराई।

जानकारी के मुताबिक मंगलवार सुबह करीब 11 बजे एमबीबीएस के कुछ छात्रों को दवा लेनी थी। वह पर्चा बनवाने के लिए पर्चा काउंटर कर पहुंचे। राजकीय मेडिकल कॉलेज के कर्मचारी अनिल कुमार आर्या पर्चा काउंटर पर थे। उन्होंने छात्रों से आभा एप से पर्चा बनवाने के लिए कह दिया। इसी बात पर छात्र अखिलेश कुमार और कर्मचारी में कहासुनी होने लगी। कुछ ही देर में पर्चा काउंटर पर एमबीबीएस के दर्जनों छात्र जुट गए।



छात्रों ने कर्मचारी अनिल कुमार को काउंटर से बाहर खींच लिया और उसकी पिटाई करने लगे। कर्मचारी जमीन पर गिर गया, लेकिन छात्र उसकी पिटाई करते रहे। किसी कर्मचारी की हिम्मत नहीं हुई कि उसको बचा ले। सूचना पर प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार व सीएमएस डॉ. विपिन कुमार मौके पर पहुंच गए। इससे पहले ही छात्र कर्मचारी को लहूलुहान कर भाग चुके थे।

प्राचार्य ने कर्मचारी अनिल को इमरजेंसी में पहुंचाकर तुरंत उपचार शुरू कराया। इसके तुरंत बाद ही साथी कर्मचारियों ने पर्चा काउंटर से हटकर आरोपी छात्रों पर कार्रवाई की मांग को लेकर कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया। करीब एक घंटे तक दवा लेने आए मरीजों को भी पर्चा बनवाने के लिए इंतजार करना पड़ा।

**छात्रों ने कहा- कर्मचारी ने दीं गालियां**

राजकीय मेडिकल कॉलेज में कर्मचारी के साथ हुई मारपीट के बाद जब छात्रों से इसके बारे में जानकारी ली गई तो एमबीबीएस के छात्र अखिलेश कुमार ने बताया कि वह अपने पांच-छह साथियों के साथ दवा लेने के लिए काउंटर पर पर्चा बनवाने गया था। पर्चा काउंटर पर तैनात कर्मचारी अनिल को बताया कि वह एमबीबीएस का छात्र है, उसका पहले पर्चा बना दो। इसी बात पर कर्मचारी गालियां देने लगा। मना किया तो साथी कर्मचारी मारपीट करने लगे। हम लोगों को भी चोटें आईं हैं।

राजकीय मेडिकल कॉलेज के डॉ. अरुण कुमार ने बताया कि छात्रों व कर्मचारी में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। पूरे मामले की जांच कराई जा रही है, जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई कराई जाएगी। फिलहाल कर्मचारी का प्रथम उपचार करा दिया गया है।

## संपादकीय

## संकट में आप का अस्तित्व



दिल्ली की सत्ता से भाजपा का करीब 27 साल का वनवास समाप्त हुआ और पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ राष्ट्रीय राजधानी में सरकार बनाने जा रही है। एक छोटे से राज्य में भाजपा की जीत इतनी बड़ी मानी जा रही है तो उसके कई कारण हैं। महीने भर पहले तक दिल्ली में आम आदमी पार्टी यानी आप को हराना असंभव सा लग रहा था, क्योंकि लगातार दो विधानसभा चुनावों में पार्टी प्रचंड बहुमत के साथ जीत हासिल करती आ रही थी। पिछले विधानसभा चुनाव में ही आप को करीब 55 प्रतिशत वोट और 62 प्रतिशत सीटें हासिल हुई थीं। ऐसे में यही माना जा रहा था कि उसके खिलाफअगर कुछ असंतोष है तब भी पार्टी बहुमत के आंकड़े तक तो पहुंच ही जाएगी, लेकिन पिछले तीन हफ्तों में भाजपा ने चुनावी हवा का रुख पलटकर आप का तख्तापलट कर दिया। आप भ्रष्टाचार के विरुद्ध अभियान से ही अस्तित्व में आई तो भाजपा ने इसी पहलू को आप की दुखती रग बना दिया। भाजपा ने शीशमहल से लेकर आप के शीर्ष नेताओं के भ्रष्टाचार और जेल जाने के मुद्दे को मुखरता से भुनाया। इसके अलावा सड़कों की हालत, परिवहन व्यवस्था, जल आपूर्ति और इनफ्रास्ट्रक्चर जैसे मुद्दों को भी उठाया। भाजपा ने जहां जनता को आश्वस्त किया कि मुफ्त बिजली-पानी और परिवहन से जुड़ी आप सरकार की योजनाएं न केवल जारी रखी जाएंगी, बल्कि उन्हें और प्रभावी बनाया जाएगा। बजट में मध्य वर्ग को मिली बड़ी कर राहत ने भी भाजपा का काम आसान बनाया। रही-सही कसर आप के उस शिकायती लहजे ने पूरी कर दी कि केंद्र सरकार के चलते उन्हें शासन चलाने में समस्या का सामना करना पड़ता है। इससे जनता के मन में यही आशंका बनी कि आप को सत्ता की चाबी सौंपने का अर्थ होगा कि दिल्ली में शासन-प्रशासन का दरवाजा सुगमतापूर्वक नहीं खुल पाएगा। चुनाव से पहले पोल पोजीशन में रही आप के लिए दिल्ली में हार उसकी जड़ें हिलाने वाली है। भले ही पार्टी ने 40 प्रतिशत से अधिक वोट हासिल किए हों, लेकिन अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन, सौरभ भारद्वाज और सोमनाथ भारती जैसे दिग्गज नेताओं की हार गहरी टीस देने वाली है। यह दर्शाता है कि पार्टी के खिलाफ कितना व्यापक जनक्रोश था। दिग्गजों की हार से पार्टी के अस्तित्व पर संकट खड़ा हो गया है। दिल्ली के अलावा पंजाब की सत्ता संभालने वाली आप को वहां भी नई मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा नेताओं के पलायन को रोकने की भी चुनौती होगी। चूंकि आप के पास कोई मूल विचारधारा नहीं है, इसलिए उसके सामने अपना अस्तित्व बचाए रखने के लिए कोई बड़ा आधार नहीं। पार्टी 'दिल्ली माडल' के माध्यम से ही गुजरात और गोवा जैसे अन्य राज्यों में अपनी जड़ें जमाने की कोशिश में थी। इन कोशिशों को अब तगड़ा झटका लगेगा। दो साल बाद पंजाब में चुनाव भी होने हैं और वहां सरकार के पास कोई उल्लेखनीय उपलब्धि नहीं है। लोकसभा चुनाव में उसे वहां तगड़ा झटका भी लग चुका है। दिल्ली चुनाव के दौरान विपक्षी दलों के मोर्चे आइएनडीआइए में भी बड़ी खींचतान दिखी। लोकसभा चुनाव साथ मिलकर लड़ने वाली आप और कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव अलग-अलग लड़ा। कहा जा रहा है कि आप करीब एक दर्जन सीटें कांग्रेस के कारण हार गई। हालांकि इसका दूसरा पहलू यह भी हो सकता है कि यदि आप और कांग्रेस साथ मिलकर लड़तीं तो राज्य सरकार के विरुद्ध जाने वाला पूरा मत भाजपा के खाते में जाता। इस किंतु-परंतु से इतर देखा जाए तो चुनाव से पहले ही आप ने कांग्रेस को धमकाया था कि वह उसे विपक्षी गठबंधन से बाहर करा देगी। सपा और तृणमूल से लेकर बची-खुची शिवसेना और राकांपा ने भी दिल्ली में अपना कोई जनाधार न होने के बावजूद चुनाव में आप का समर्थन किया। अखिलेश यादव ने तो अरविंद केजरीवाल के साथ प्रचार भी किया। इससे आप का कोई भला तो नहीं हुआ, उलटे आइएनडीआइए के बीच की दरारें उभरकर सामने आईं। कांग्रेस के लिए भी यह चुनाव भारी झटका साबित हुआ। लगातार तीन बार राज्य की सत्ता संभालने वाली पार्टी का पिछले तीन विधानसभा चुनावों से खाता नहीं खुल सका है।


**अमर भास्कर**

( हिन्दी दैनिक समाचार पत्र )

- वरिष्ठ संरक्षक : वेदभानु आर्य
- संरक्षक : हामिद अली खाँ
- संरक्षक : सुरेश प्रसाद शर्मा
- प्रधान संपादक : फरीद क़ादरी
- संपादक : अबरार अहमद
- कानूनी सला. : मुहम्मद फुरकान, एड.
- व्यवस्थापक : ठा. वेदपाल सिंह
- मैनेजर : केपी यादव
- सह-संपादक : मोहम्म्द राशिद
- उप संपादक : जहांगीर भारती



हमारे यूट्यूब चैनल *Amar Bhaskar News* को सब्सक्राइब करें वैल आइकॉन दबाना न भूलें।

**-सर्वेश उपाध्याय, मैनेजिंग एडिटर***



अगर आपके पास भी है कोई कविता, रचना, लेख, गजल एवं छंद तो हमें लिख भेजिए, हमारा पता है:-

**अमर भास्कर कार्यालय**

**निकट होटल रिजेन्सी, लावेला चौक बदायूं ( उ.प्र. )।**

**पिन कोड-243601**

*Email- amarbhashkar21@gmail.com*

*Whatsapp. No. 9411214614*


# महाकुंभ का प्रबंधन, ट्रैफिक जाम की समस्या से उठे कई सवाल

प्रयागराज और साथ ही उसके आसपास के शहरों में ट्रैफिक्र जाम की समस्या केवल यही नहीं बता रही कि बड़ी संख्या में लोग अपने वाहनों से महाकुंभ पहुंच रहे हैं, बल्कि यह भी इंगित कर रही है कि शासन-प्रशासन यह अनुमान नहीं लगा सका कि अधिक संख्या में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला कायम रहेगा। यह भी स्पष्ट है कि सार्वजनिक परिवहन के उतने साधन उपलब्ध नहीं कराए जा सके, जितने आवश्यक थे। पहले माना जा रहा था कि महाकुंभ में मुख्य स्नान के अवसरों पर ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु आएंगे, लेकिन ऐसा लगता है कि लोगों ने यह समझा कि महाकुंभ के आखिरी चरण और मुख्य स्नान से इतर दिनों में भीड़ कम होगी, इसलिए तब जाना अधिक उपयुक्त रहेगा।



इसी का परिणाम यह हुआ कि प्रयागराज पहुंचने वाले सभी रास्तों पर कई-कई किमी जाम देखने को मिल रहा। चूंकि प्रयागराज आने वाले श्रद्धालु चित्रकूट, वाराणसी, मीरजापुर, अयोध्या भी पहुंच रहे हैं, इसलिए इन शहरों में भी जाम लग रहा है। स्थिति यह है कि प्रयागराज से सैकड़ों किमी दूर मध्य प्रदेश के शहरों में भी वाहन रेंगते दिखे। इसके चलते तमाम लोगों को सड़कों पर अपना समय बिताना पड़ रहा है।

अनुमान है कि प्रयागराज में हर घंटे पांच-छह हजार वाहन पहुंच रहे हैं। इतने अधिक वाहनों की पार्किंग संभव नहीं। इसलिए और भी नहीं, क्योंकि अनेक श्रद्धालु कई दिन महाकुंभ में बिताना पसंद कर रहे हैं। अच्छा होता कि वाहनों को पार्किंग की अनुमति एक तय समय के लिए ही दी जाती। इसी के साथ हर दिन यह सूचना भी सार्वजनिक की जाती कि प्रयागराज पहुंचने के लिए कौन से दिन और रास्ते सुविधाजनक होंगे। केवल निजी वाहनों से प्रयागराज पहुंचने वालों को ही समस्याओं से दो-चार नहीं होना पड़ रहा है, विमानों, ट्रेनों और बसों से जाने वालों को भी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा न होने पाए, इसके लिए सरकार को पहले से तैयार रहना चाहिए था और हालात के हिसाब से तत्काल रणनीति बदलनी चाहिए थी। लगता है भारी भीड़ का अनुमान लगाए और उसके प्रबंधन की समुचित व्यवस्था किए बिना ही यह कह दिया गया कि महाकुंभ में ऐसी व्यवस्था की गई है कि सौ करोड़ लोग भी आ जाएं तो समस्या नहीं होगी। जो भी हो, कम से कम अब मेला स्थल, प्रयागराज शहर और आसपास के क्षेत्रों में ऐसे जतन युद्धस्तर पर किए जाएं, जिससे श्रद्धालुओं को समस्याओं से मुक्ति मिले। जो लोग रास्तों में फंस जा रहे हैं, उन्हें कम से कम परेशानी हो और वे कुछ समय के लिए वहीं रुक सकें, इसके लिए पड़ोसी जिलों के प्रशासन को निर्देश दिए जाने चाहिए।

# एक देश-एक कानून की शुरुआत, कानून व्यवस्था में होगा सुधार

समान नागरिक संहिता लागू करने के साथ ही उत्तराखंड स्वतंत्रता के बाद ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य बन गया। इसके बाद गुजरात सरकार ने भी समान नागरिक संहिता लागू करने की बात कही है। इसके लिए उसने पांच सदस्यीय समिति गठित कर दी है। अच्छा होगा कि गुजरात सरकार की यह समिति उन आलोचनाओं को ध्यान में रखे, जो उत्तराखंड में लागू समान नागरिक संहिता के कुछ प्रविधानों को लेकर हो रही है।

समान नागरिक संहिता का मतलब है, भारत में रहने वाले हर नागरिक के लिए एकसमान कानून होना, चाहे वे किसी भी पंथ-मजहब, क्षेत्र जाति के क्यों न हों। अब उत्तराखंड में विवाह, तलाक, बच्चे गोद लेने और संपत्ति के बंटवारे जैसे विषयों में राज्य के सभी लोगों के लिए एक जैसे नियम होंगे। आजादी के बाद से ही पूरे देश में इसे लागू करने की बात होती रही है।

जब संविधान निर्माण हो रहा था, तब भी यह मुद्दा बहस के केंद्र में था कि यूसीसी को संविधान में शामिल किया जाए या नहीं, लेकिन इस पर कोई सहमति नहीं बन सकी। तब डा. आंबेडकर ने कहा था कि यूसीसी वांछनीय है, लेकिन फिलहाल यह स्वैच्छिक रहना चाहिए। उन्होंने इसे राज्य के नीति निदेशक तत्व के अनुच्छेद 44 का हिस्सा बनाकर देश की आने वाली पीढ़ियों पर इसका निर्णय छोड़ दिया।



अनुच्छेद 44 का उद्देश्य कमजोर समूहों के खिलाफ भेदभाव को दूर करना और देश भर में विविध सांस्कृतिक समूहों में सामंजस्य स्थापित करना है। इसके बावजूद स्वतंत्रता के बाद इतने लंबे समय तक 'एक देश-एक कानून' पर अमल नहीं हो सका। देशवासियों को उम्मीद है कि मोदी सरकार इसे लागू कर सकती है, क्योंकि यह सरकार अपने सख्त फैसलों के लिए जानी जाती है। दुनिया के किसी भी प्रतिष्ठित लोकतांत्रिक देश में जाति, पंथ-मजहब के आधार पर अलग-अलग कानून नहीं हैं, लेकिन भारत में अलग-अलग पंथों के मैरिज एक्ट हैं। इस वजह से हमारे यहां विवाह, जनसंख्या समेत कई तरह का सामाजिक तानाबाना भी बिगड़ा हुआ है। इसीलिए देश के नागरिक कानूनों में एक ऐसी समानता लाने की जरूरत है, जो सभी पंथ, जाति, वर्ग और संप्रदाय को एक ही व्यवस्था में लेकर आए। जब तक देश के संविधान में यह सुधार नहीं होगा, तब तक भारत सही मायने में पंथनिरपेक्ष नहीं होगा। अभी भारत में दो प्रकार के पर्सनल ला हैं। पहला है हिंदू मैरिज एक्ट 1956, जो हिंदू, सिख, जैन आदि संप्रदायों पर लागू होता है। दूसरा, इस्लाम को मानने वालों के लिए लागू होने वाला मुस्लिम पर्सनल ला। अलग-अलग पंथों के अलग कानून से न्यायपालिका पर बोझ पड़ता है।

यूसीसी लागू होने से इस परेशानी से मुक्ति मिलेगी और अदालतों में लंबित पड़े फैसले जल्द होंगे। यूसीसी का विरोध करने वालों का मत है कि यह सभी पंथों पर हिंदू कानून थोपने जैसा है। यह मिथ्या आरोप है, क्योंकि इसका उदेश्य साफ तौर पर सभी को समान नजर से देखना और न्याय करना है। यूसीसी का अर्थ है संविधानसम्मत सेक्युलर नागरिक संहिता। ध्यान रहे कि मलेशिया, तुर्किये, इंडोनेशिया और मिस्त्र जैसे कई मुस्लिम बहुल देशों में भी यूसीसी लागू किया जा चुका है। यूसीसी लागू करने को लेकर सुप्रीम कोर्ट भी कई बार टिप्पणी कर चुका है। 1985 में शाहबानो मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा था, 'यह दुख का विषय है कि संविधान का अनुच्छेद 44 एक मृत अक्षर बनकर रह गया है। 1995 में सरला मुद्गल केस की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा थ, 'संविधान के अनुच्छेद 44 के अंतर्गत व्यक्त की गई संविधान निर्माताओं की इच्छा को पूरा करने में सरकार और कितना समय लेगी। उत्तराधिकार और विवाह को संचालित करने वाले परंपरागत हिंदू कानून को बहुत पहले ही 1955-56 में संहिताकरण करके अलविदा कर दिया गया है। ऐसे में देश में समान नागरिक संहिता को अनिश्चितकाल के लिए निलंबित करने का कोई औचित्य नहीं है। कुछ प्रथाएं मानवाधिकार एवं गरिमा का अतिक्रमण करती हैं। मजहब के नाम पर मानवाधिकारों का गला घोंटना निर्दयता है। 2003 में जान बलवत्तम केस की सुनवाई के दौरान कहा था, यह दुख की बात है कि अनुच्छेद 44 को आज तक लागू नहीं किया गया।' 2017 में सायरा बानो केस की सुनवाई के दौरान कहा था, 'हम सरकार को निर्देशित करते हैं कि वह उचित विधान बनाने पर विचार करे। हम उम्मीद करते हैं कि इस्लामिक देशों में शरीयत में हुए सुधारों को ध्यान में रखते हुए एक कानून बनाया जाएगा। चूंकि समान नागरिक संहिता एक देश-एक कानून की अवधारणा पर आधारित है, लिहाजा इसके लागू होने से देश के सभी समुदाय के लोगों को एकसमान अधिकार मिलेगा, लैंगिक समानता को बढ़ावा मिलेगा, देश की महिलाओं की स्थिति में सुधार होगा, कानूनों में सरलता और स्पष्टता आएगी और व्यक्तिगत या मजहबी कानूनों के आधार पर होने वाले भेदभाव को समाप्त किया जा सकेगा। कुछ समुदायों के पर्सनल ला में महिलाओं के अधिकार सीमित हैं। यूसीसी लागू होने से महिलाओं को पारिवारिक संपत्ति पर बेटों के समान अधिकार मिलेगा और मुस्लिम लड़कियों का छोटी आयु में विवाह होने से रोका जा सकेगा।

## खेल-खिलाड़ी

# ऋषभ पंत को आजमाएगा भारत या केएल राहुल ही करेंगे विकेटकीपिंग?

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम 19 फरवरी से शुरू होने वाली चौंपियंस ट्रॉफी से पहले बल्लेबाजी संयोजन की गुत्थी सुलझाने के इरादे से उतरेगा। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त ले ली है और उसकी नजरें बुधवार को होने वाले तीसरे मुकाबले में बेंच स्ट्रेंग्थ को परखने की होगी। भारत ने अब तक दोनों मैचों में केएल राहुल को विकेटकीपर के तौर पर उतारा है, लेकिन चौंपियंस ट्रॉफी से पहले वह ऋषभ पंत को मौका दे सकता है। भारत ने अभी तक तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है। स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को टीम में शामिल करने और तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की वापसी से भारत का गेंदबाजी आक्रमण मजबूत हुआ है।

कप्तान रोहित शर्मा ने दूसरे वनडे में 90 गेंद पर 119 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की जो भारत के लिए अच्छे संकेत हैं। भारत ने बल्लेबाजी क्रम में कुछ बदलाव किए हैं और केएल राहुल से पहले स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल को बल्लेबाजी के लिए भेजा है। भारत के लिए यह फायदेमंद रहा है क्योंकि अक्षर इस स्थान पर मौका भुना रहे हैं, लेकिन राहुल छठे नंबर पर अच्छी बल्लेबाजी नहीं कर पाए हैं। ऋषभ पंत को




आजमाएगा भारत या केएल राहुल ही करेंगे विकेटकीपिंग? केएल राहुल बल्लेबाजी में अब तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। ऐसे में अगर भारत ऋषभ पंत को मौका देता है तो किसी को हैरानी नहीं होनी चाहिए। वह बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं जो भारतीय टीम को संतुलन प्रदान कर सकते हैं। पंत चौंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम में शामिल हैं और टीम प्रबंधन इस आईसीसी टूर्नामेंट से पहले पंत को मैच अभ्यास का मौका दे सकता है। पंत के टीम में आने से केएल राहुल को बाहर बैठना पड़ सकता है जो शुरू के दोनों मुकाबले में विकेट के पीछे जिम्मा संभाल रहे थे। रोहित भले ही फॉर्म में लौट आए हैं, लेकिन स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का रन नहीं बना पाने का सिलसिला जारी है। कोहली पहले मैच में घुटने की चोट के कारण नहीं खेले थे, जबकि दूसरे मैच में सस्ते में आउट हो गए थे। भारत को मध्यक्रम में श्रेयस अय्यर से भी अच्छी पारी की उम्मीद होगी। ऑलराउंडर अक्षर पटेल को पांचवें नंबर बल्लेबाजी करने के लिए उतारना अभी तक सही साबित हुआ है। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने पहले दो मैच में 52 और नाबाद 42 रन बनाए हैं। पटेल के बल्लेबाजी में अच्छे प्रदर्शन से रवींद्र जडेजा पर से कुछ दबाव कम हुआ होगा जिन्होंने अभी तक सीरीज में छह विकेट लिए हैं। भारतीय खिलाड़ियों ने स्पिन गेंदबाजों की मदद करने वाले विकेटों पर अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। चौंपियंस ट्रॉफी में दुबई में उन्हें इसी तरह की परिस्थितियां मिलने की संभावना हैं। इंग्लैंड की टीम दोनों ही मैचों में अच्छी शुरुआत करने में सफल रही है, लेकिन भारतीय गेंदबाजी आक्रामण ने मध्य ओवरों में कसी हुई गेंदबाजी की थी।

# फॉर्म मेमं लौटने के लिए बेताब होगें कोहली

**नई दिल्ली।** पहले दो मैच में आसान जीत से उत्साह से लबरेज भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार को तीसरे और अंतिम वनडे मैच में अपनी लय बरकरार रखकर क्लीन स्वीप करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। भारत ने सीरीज के दोनों मुकाबले में तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन चौंपियंस ट्रॉफी से पहले स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की फॉर्म उसके लिए चिंता का विषय है। 19 फरवरी से शुरू होने वाली चौंपियंस ट्रॉफी से पहले भारत का यह आखिरी मैच है। इसके बाद भारतीय टीम 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ इस आईसीसी टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत करेगी। कोहली के पास चौंपियंस ट्रॉफी से पहले इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे वनडे मैच से फॉर्म में वापसी करने का मौका होगा। कोहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले मैच में शतक लगाने के बाद से बड़ी पारी नहीं खेल सके हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कटक में खेले गए दूसरे वनडे मैच में शतक लगाया था और लय हासिल करने में सफल रहे थे। अब कोहली भी कप्तान की राह चलना चाहेंगे। भारत चौंपियंस ट्रॉफी में अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा। भारत अपना पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा और 23 फरवरी को अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान का सामना करेगा। कप्तान रोहित शर्मा ने दूसरे वनडे में 90 गेंद पर 119 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की जो भारत के लिए अच्छे संकेत हैं। कोहली अपने इस साथी से प्रेरणा लेकर यहां बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। कोहली पूरी तरह से लय में नहीं दिख रहे हैं लेकिन वह इतनी देर तक क्रीज पर नहीं टिके हैं कि खुद को बड़ी पारी खेलने का मौका दे सकें। कोहली का बल्ला अगर चल जाता है तो यह स्टार बल्लेबाज वनडे क्रिकेट में 14000 रन बनाने वाला तीसरा खिलाड़ी बन सकता है। कोहली को इस मुकाम पर पहुंचने के लिए केवल 89 रन की जरूरत है। भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का तीसरा मैच बुधवार यानी 12 फरवरी को खेला जाएगा। भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का तीसरा मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर खेला जाएगा। भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का तीसरा मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 1:30 बजे से शुरू होगा। टॉस इससे आधे घंटे पहले यानी दोपहर 1 बजे होगा। भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज के प्रसारण का अधिकार स्टार स्पोर्ट्स के पास है।



# जिलाधिकारी ने कल्कि धाम एचोंडा कम्बोह स्थापना दिवस के संबंध में की बैठक






**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**सम्भल।** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की अध्यक्षता में 19 फरवरी 2025 को कल्कि धाम ऐंचोडा कम्बोह के स्थापना दिवस पर राज्यपाल उत्तर प्रदेश आनंदीबेन पटेल के सम्मिलित होने तथा राज्यपाल के जनपद भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित होने के दृष्टिगत कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में एक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के अन्तर्गत राज्यपाल के आगमन तथा हैलीपैड तैयार करने के संबंध में चर्चा की गयीं एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

सेफ हाउस, मंच व्यवस्था, पंडाल, पानी के टैंकर, मोबाइल टायलेट, पार्किंग व्यवस्था, मंच संचालन, आदि व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गयी एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, प्रभागीय वनाधिकारी सुश्री वंदना, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक, परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, जिला विकास अधिकारी राम आशीष,उप जिलाधिकारी सम्भल वंदना मिश्रा, डिप्टी कलक्टर रमेश बाबू, एवं समस्त संबंधित अधिकारी तथा संबंधित खंड विकास अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अब और ज्यादा बड़ा बनाया जाएगा कर्णप्रयाग रेलवे स्टेशन



**उत्तराखंड।** ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेलवे परियोजना के सबसे बड़े कर्णप्रयाग रेलवे स्टेशन को अब और अधिक बड़ा बनाया जाएगा। यह निर्णय कर्णप्रयाग की सामरिक महत्ता को देखते हुए लिया गया है। अब यहां 22 ट्रैक के बजाय 26 रेलवे ट्रैक होंगे। इस अतिरिक्त कार्य के लिए 611 करोड़ रुपये के टेंडर भी जारी कर दिए गए हैं। जल्द निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेलवे परियोजना में एक महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। कर्णप्रयाग रेलवे स्टेशन को और अधिक बड़ा बनाया जा रहा है। रेलवे विकास निगम के अधिकारियों ने बताया कि यह बदलाव सामरिक महत्ता के चलते सेना की गतिविधियों आदि के लिए लिया गया है।

कर्णप्रयाग रेलवे स्टेशन पर पहले 22 ट्रैक बनने थे। लेकिन अब इनकी संख्या बढ़ा कर 26 कर दी गई है। ये चार अतिरिक्त ट्रैक बनाए जाने हैं। ये चारों ट्रैक दो सुरंगों के अंदर बनाए जाएंगे। इसके लिए दो सुरंगों का निर्माण भी किया जाएगा। सामान उतारने के लिए एक सड़क सुरंग का भी निर्माण किया जाएगा। जो दोनों सुरंगों से जुड़ेगी। ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेलवे परियोजना के तीन बड़े स्टेशन कर्णप्रयाग, योगनगरी व श्रीनगर हैं। कर्णप्रयाग रेलवे स्टेशन पर 26 ट्रैक हैं। यहां चार यात्री प्लेटफार्म व एक गुड्स प्लेटफार्म है। योगनगरी में 18 ट्रैक हैं। यहां तीन यात्री प्लेटफार्म हैं। जबकि श्रीनगर में पांच ट्रैक हैं। यहां चार यात्री प्लेटफार्म व एक गुड्स प्लेटफार्म है। अन्य रेलवे स्टेशनों पर दो या तीन ही ट्रैक हैं। ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेलवे लाइन पर कुल 13 स्टेशन हैं। इनमें वीरभद्र और योगनगरी रेलवे स्टेशन का कार्य पूर्ण हो चुका है। योगनगरी रेलवे स्टेशन तक ट्रेनें चल रही हैं। इनके अलावा शिवपुरी, ब्यासी, देवप्रयाग, जनासू, मलेथा, श्रीनगर, धारीदेवी, तिलनी, घोलतीर, गौचर व सिंवई में स्टेशन हैं।

# होटल फोर लीफमें पीएम श्री विद्यालय पुनश्चर्या कार्यशाला का हुआ आयोजन



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**कासगंज।** मंगलवार को शहर के होटल फोर लीफमें एक कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी कासगंज के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। जनपद में वर्तमान में 13 विद्यालय बेसिक शिक्षा विभाग में और एक विद्यालय माध्यमिक में मिलाकर कुल 14 विद्यालय संचालित हैं।

इस कार्यशाला का उद्देश्य जनपद में संचालित समस्त 14 विद्यालाओं में सुविधाओं जैसे स्मार्ट, आई सी टी लैब,लैंग्वेज लैब, ग्रीन स्कूल, कौशल विकास, कैरियर काउंसिलिंग, एक्सपोजर विजिट, खेल कूद की सुविधा इत्यादि पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिस से की अध्ययनरत समस्त छात्र छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप गुणवत्तापरक शिक्षा उपलब्ध हो सके। पीएम श्री विद्यालओं का क्षमता संवर्धन और प्रशिक्षण दिया गया। जनपद के नोडल सुरेंद्र अहिरवार द्वारा पीएम श्री विद्यालय में चलाई जाने वाली गतिविधियों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। जनपद में आयोजित कविता पाठ प्रतियोगिता के अंतर्गत जनपद स्तर पर चयनित प्रथम तीन विजेताओं छात्र-छात्राओं को मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम के दौरान उपशिक्षा निदेशक दीवान सिंह यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रदीप मौर्य, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सूर्यप्रताप सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी सुरेन्द्र कुमार, राजेश चौधरी, समस्त जिला समन्वयक कमलेश कुमार, गौरव शाक्य, अमित सक्सेना, योगेश कुमार कुशवाहा एसआर जी एवं समस्त पी एम श्री विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया गैंगस्टर का आरोपी



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**कासगंज।** पुलिस अधीक्षक कासगंज अंकिता शर्मा के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक कासगंज राजेश भारती के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियन्त्रण हेतु की जा रही कार्यवाही के अन्तर्गत अवैध शस्त्रों की तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहें।

विशेष अभियान के क्रम में आज दिनांक 11.02.2025 को क्षेत्राधिकारी सहावर शाहिदा नसरीन के नेतृत्व में थाना सहावर, एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा थाना सहावर क्षेत्रान्तर्गत चेकिंग के दौरान सहावर-गंजडुण्डवारा रोड पर 01 शातिर अवैध शस्त्र तस्कर अभियुक्त मेहराज पुत्र आजम अली निवासी मौहल्ला काजी कस्बा व थाना सहावर जनपद कासगंज को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है, जिसके कब्जे 01 अवैध तमंचा व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुए है । पूछताछ पर अभियुक्त मेहराज उपरोक्त ने बताया कि अवैध शस्त्रो की तस्करी करता है। अभियुक्त की निशादेही पर उसके मकान से तस्करी हेतु लाये अवैध शस्त्र, कारतूस 05 अदद पोनिया 315 बोर व 12 बोर, 02 अदद तमंचे 315 बोर, 02 अदद एयर गन .22 बोर, 01 पिस्टल 32 बोर मय 02 मैग्जीन, 01 तलवार, 10 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर, 12 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर, 08 जिन्दा कारतूस 01 जिन्दा कारतूस .93 बोर, 01 जिन्दा कारतूस 32 बोर, 01 जिन्दा कारतूस अज्ञात बोर व 650 ग्राम नशीला पदार्थ (चरस) बरामद हुआ है। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सहावर पर मु.अ.सं 101/2025 धारा 4/8/25 आयु अधिनियम व 21/22 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## सार-संक्षेप

# हास्य कलाकार घन्ना भाई का निधन



**देहरादून।** प्रसिद्ध हास्य कलाकार घनानंद उर्फ घन्ना भाई का निधन हो गया है। गंभीर हालत में उन्हें देहरादून स्थित श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल में भर्ती कराया गया था, वह पिछले चार दिनों से वेंटिलेटर पर थे। डॉक्टर क्रिटिकल केयर यूनिट में उनकी निगरानी कर रहे थे। आवाज सुनो पहाड़ों की कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक बलबीर सिंह पंवार और संयोजक नरेंद्र रौथाण ने बताया कि घन्ना भाई को पूर्व में पेसमेकर लगाया गया था। उसके बाद से वह अस्पताल में नियमित तौर पर हृदय संबंधी जांच करा रहे थे। कुछ दिन पूर्व उन्हें यूरिन में ब्लड आने की समस्या हुई।

सामान्य जांच के लिए वह अस्पताल पहुंचे, जहां रक्त चढ़ाने के बाद उनका स्वास्थ्य बिगड़ गया। घन्ना भाई ने कई गढ़वाली फिल्म और म्यूजिक एलबम में काम किया है। उन्होंने राजनीति में भी हाथ आजमाया था। भाजपा के टिकट पर 2012 में उन्होंने पौड़ी से विधानसभा चुनाव भी लड़ा था। हालांकि वह चुनाव हार गए थे। 2022 में हुए विधानसभा चुनावों में भी उन्होंने भाजपा से टिकट के लिए दावेदारी की थी।

# उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर धरने में अधिकारियों को बुलाने की मांग



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** भारतीय किसान यूनियन (बीआरएसएस) द्वारा शिव नारायण सैनी जिला संरक्षक संभल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओ ने उपजिलाधिकारी संभल वन्दना मिश्रा को ज्ञापन सौंपा।

जिला अध्यक्ष संभल कामेन्द्र चौधरी ने कहा कि किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर 14 फरवरी दिन शुक्रवार को बड़ा बिजली घर संभल में दोपहर 12 बजे से धरना- प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन द्वारा बताया गया कि किसानों की समस्याओं के समाधान हेतू संबंधित विभागों से तहसीलदार संभल, विद्युत अधिशासी अभियंता संभल, खंड विकास अधिकारी, एसडीओ जल जीवन मिशन, एस डी ओ विधुत राहुल सिंह, जे ई मुकेश कुमार आदि दोपहर 2 बजे तक पंचायत में पहुँचे अन्यथा संगठन आगामी निर्णय लेकर अनिश्चितकालीन धरने एवं आंदोलन को विवश होगा। जिसकी पूर्णत: जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

ज्ञापन देने वालों में युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप शर्मा, जिला अध्यक्ष संभल कामेन्द्र चौधरी, जिला उपाध्यक्ष मिंकू चौधरी, युवा मंडल उपाध्यक्ष अरुण चौधरी, जिला संरक्षक शिव नारायण सैनी, जिला महासचिव अनमोल कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष पवांसा प्रवेन्द्र यादव, हेमन्त कुमार प्रजापति आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शादी को लेकर पति-पत्नी में हुआ विवाद



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** थाना हयात नगर क्षेत्र में पति और पत्नी में शादी को लेकर विवाद हो गया विवाद इतना बढ़ गया कि पति ने पत्नी को पीट-पीट कर घायल कर दिया पत्नी ने थाना हयात नगर में तहरीर दी तो थाना पुलिस ने मेडिकल के लिए जिला अस्पताल भेजा रिहाना पति मोहम्मद इमरान निवासी मोहल्ला सराय तरीन सुनारो वाली गली चारा मंडी ने अपने पति पर आरोप लगाते हुए बताया की मेरे पति मोहम्मद इमरान ने दूसरी शादी कर ली है जिसकी मुझे पता चली तो मैं अपनी ससुराल आई तो मेरे पति मोहम्मद इमरान तथा देबर जुबेर पुत्र गुफरान मुसर्रत जहां ने मुझे पीटना शुरू कर दिया और कहा कि यहां से तुरंत निकल जा नहीं तो जान से मार दूंगा।

# डीएम को विद्यालय में पढ़ाई की व्यवस्था संतोषजनक पाई गई



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**कासगंज।** जिलाधिकारी मेधा रूपम ने भगवन्तपुर जूनियर हाईस्कूल, प्राथमिक विद्यालय कल्याणपुर, कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया। भगवन्तपुर जूनियर हाई स्कूल में एक सहायक अध्यापिका अनुपस्थित पायी गयीं स्कूल में शोचालय में गंदगी की समस्या, पानी की समस्या कमरों की लाईट की समस्या को देख जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की जिलाधिकारी को क्लाश रूम में लेशन प्लान नहीं पाया गया जिलाधिकारी ने रसोईयां की प्रशंसा करते हुए कहा कि आप मीनू के अनुसार बच्चों को खाना खिला रही हैं सराहनीय है। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय कल्याणपुर का भी निरीक्षण किया विद्यालय में 76 बच्चों में 37 बच्चें उपस्थित पाये गये कल्याणपुर प्राथमिक विद्यालय में अध्यापिका सुरजीत कौर, अल्का एसएम के द्वारा बच्चों को अच्छी पढ़ाई कराई जा रही है जिलाधिकारी को विद्यालय में पढाई की व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। क्लाश रूम में बच्चों की नोट बुक में दिनांक अंकित न होने पर जिलाधिकारी ने विद्यालय के स्टाफको निर्देश दिये कि बच्चों की नोट बुक पर दिनांक अंकित अवश्य करें। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालय में साफ-सफाई की उचित व्यवस्था मिली।

इसके उपरांत कस्तूरबा में बन रहीं निर्माणधीन बिल्डिंग का भी निरीक्षण किया गया रूके हुये कार्य को देख जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुये कार्यदायी संस्था को निर्देश दिये तथा कार्य में तेजी लाने एवं साफ-सफाई के भी निर्देश दिये।

इसके उपरांत जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय का भी निरीक्षण किया क्लाश रूम में लाईट की समस्या को देख नाराजगी व्यक्त की और बच्चों की नोट बुक पर दिनांक अंकित न होने पर विद्यालय के स्टाफको दिये निर्देश डिजिटल बोर्ड पर ऐप नहीं चल रहे थे उसे देख नाराजगी व्यक्त की विद्यालय परिसर में जलभराब की स्थिति को देख जिलाधिकारी ने चार सदस्य टीम गठित कर जल भराव की समस्या को दुरस्त करने के भी निर्देश दिये।

# डीएम आवास के बाहर जोरदार प्रदर्शन




**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बरेली।** शहर आयुष्मान से इलाज के बाद तमाम अस्पतालों का करीब चार करोड़ रुपये भुगतान नहीं हो रहा। लगातार मांग के बावजूद कोई उचित कार्रवाई न होने से आक्रोशित चिकित्सक मंगलवार को सड़क पर उतरे। विशाल रैली निकालकर पैदल मार्च करते हुए डीएम आवास के बाहर पहुंचे। उन्होंने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर भुगतान और समस्याओं के निस्तारण कराने की मांग की। इससे पूर्व सभी चिकित्सक और अस्पताल संचालक, पैरामेडिकल स्टाफआदि आईएमए भवन सभागार में जुटे। उन्होंने आईएमए के इस आंदोलन को देश और प्रदेश सरकार समेत जन-जन तक पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया पर परेशानी साझा करने की अपील की। साथ ही, शासन के बजाय आयुष्मान के भुगतान प्रक्रिया की जिम्मेदारी संभाल रही एजेंसी पर निशाना साधने को कहा। कहा कि जो बेवजह छिटपुट खामी, नियम और मानक की अड़चन बताकर भुगतान निरस्त कर रहे हैं। प्रदर्शन में मौजूद सभी ने इस पर सहमति जताई और इसे भुगतान होने तक जारी रखने का संकल्प लिया।

डॉ अजय भारती ने भुगतान न होने पर विधिक कार्रवाई के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता से राय लेकर केस करने का सुझाव दिया। ताकि किन कारण पेमेंट रिजेक्ट हुआ और मानकों के तहत क्या होना चाहिए था, पहले इसकी जानकारी करेंगे, जिससे कोई अड़चन न हो। आईएमए अध्यक्ष डॉ आरके सिंह ने कहा कि आयुष्मान से सिर्फ इलाज ही नहीं होता बल्कि अस्पताल का खर्चा भी होता है। मरीज स्वस्थ होकर चला जाता है उसके कई दिन बाद पेमेंट रिजेक्ट का मेसेज आता है। जो मानसिक परेशानी की वजह है। क्योंकि भुगतान न होने से इलाज का खर्च नहीं मिलता। कई मामले होने पर चिकित्सक कैसे अस्पताल चलाएंगे। उधारी की नौबत है। चिकित्सकों ने कहा कि 70 साल से अधिक आयु के मरीजों की तादाद बढ़ेगी। इनका इलाज भी महंगा होगा। मुख्य मांग में बुजुर्गों के इलाज का पैकेज तीन गुना करने, एक बार अप्रूवल मिलने पर उसे निरस्त न करने, फायर एनओसी न होने पर भुगतान कैंसिल न करने, छिटपुट खामियां बताकर भी भुगतान निरस्त न करने समेत अन्य मान की है। डॉ रवि मेहरा ने कहा कि सरकार की योजना मरीजों के लिए संजीवनी है लेकिन उनकी परेशानी दूर करने के लिए चिकित्सक मोहरा बन रहे हैं। जो बीमा कंपनी को चला रहे हैं वे धोखा दे रहे हैं। मरीज के इलाज के बाद बताते हैं कि अप्रूवल रिजेक्ट हो गया। बिना कारण रिजेक्ट होगा तो यह बेहद खराब स्थित है। आईएमए बरेली प्रदेश में पहली शाखा है, जिसने ये कदम बढ़ाया है। जिसे पीछे नहीं खींचेंगे। डॉ विनोद पागरानी ने कहा कि अस्पतालों का औसतन चार करोड़ रुपए भुगतान बकाया है, जो बड़ी रकम है। कई बार एजेंसी बेवजह पैसा काटती है। फोटो खींचना सब तर्कहीन नियम है। क्योंकि दिन में दो बार फोटो खींचना चिकित्सक के लिए मुमकिन नहीं। व्याहारिक नियम बनाने होंगे।

# बालिकाओं को आत्मरक्षा का दिया गया प्रशिक्षण




**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**सम्भल।** जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्र भूषण ने बताया कि जिलाधिकारी के दिशानिर्देशों के क्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत आयोजित आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण के अंतर्गत पीएम श्री विद्यालय पाठकपुर में छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिससे कि वह विपरीत परिस्थितियों में विरोधी का डटकर मुकाबला कर सकें, जिला ताइक्कांडो सचिव सुरेश कुमार व महिला ताइक्कांडो खिलाड़ी ज्योति व गरिमा ने फ्रांट किक, लेग राइस, वन हैंड सेल्फडिफेंस की ट्रेनिंग दी।

# प्रयागराज महाकुंभ में आगामी दो स्नान पर्वों के लिए चलेंगी 29 स्पेशल ट्रेनें



**रुड़की।** प्रयागराज महाकुंभ में आगामी दो स्नान पर्वों के लिए रेलवे 29 स्पेशल ट्रेनें संचालित करेगा। यह ट्रेनें मुरादाबाद मंडल के रेलवे स्टेशनों से होकर गुजरेंगी। इनमें एक स्पेशल ट्रेन देहरादून से हरिद्वार होते हुए प्रयागराज के फाफामऊ स्टेशन तक संचालित की जाएगी।

8 से 25 फरवरी के मध्य स्पेशल ट्रेन के चार-चार फेरे दोनों रेलवे स्टेशनों के बीच होंगे। प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के दो प्रमुख स्नान पर्व बाकी हैं। इनमें 12 फरवरी को होने वाला माघी पूर्णिमा और 26 फरवरी को होने वाला महाशिवरात्रि स्नान पर्व शामिल हैं। रेलवे इन दोनों स्नान पर्वों से पहले स्पेशल ट्रेनों का संचालन करेगा। रेलवे की ओर से देहरादून से फाफामऊ रेलवे स्टेशन के बीच कुंभ स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जाएगा। 04316 देहरादून- फाफामऊ स्पेशल ट्रेन देहरादून से 9, 15, 16 और 23 फरवरी तक चलेंगी। 04315 ट्रेन 10, 16, 17 और 24 फरवरी को फाफामऊ से देहरादून के लिए चलेगी। यह ट्रेन हरिद्वार, नजीबाबाद, मुरादाबाद, बरेली और लखनऊ से होकर गुजरेगी। इसके अलावा 04526 बठिंडा- फाफामऊ स्पेशल ट्रेन 8, 18 और 22 फरवरी व 04525 फाफामऊ- बठिंडा स्पेशल ट्रेन 9, 19 और 23 फरवरी को संचालित होगी। यह ट्रेन बठिंडा, अंबाला, सहारनपुर, रुड़की, लक्सर, नजीबाबाद और मुरादाबाद आदि स्टेशनों से होकर गुजरेगी। इसके अलावा अंबअडौरा से फाफामऊ के बीच 9, 15 और 23 फरवरी, फाफामऊ से अंबअडौरा के बीच 10, 16 और 24 फरवरी को स्पेशल ट्रेन संचालित होगी। यह ट्रेन नागल डेम, चंडीगढ़, अंबाला, सहारनपुर, रुड़की, नजीबाबाद, मुरादाबाद, बरेली और लखनऊ आदि स्टेशनों से गुजरेगी। इनके अलावा दिल्ली-फाफामऊ, अमृतसर- फाफामऊ, फिरोजपुर फाफामऊ फाफामऊ, श्री माता वैष्णो देवी कटरा-फाफामऊ के बीच दो दर्जन कुंभ मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन 8 से 28 फरवरी के मध्य रेलवे विभाग करने जा रहा है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि महाकुंभ पर यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे विभाग की ओर से लगातार कुंभ स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है।

# पेरिस एआई शिखर सम्मेलन में उभरे मतभेद

**फ्रांस।** पेरिस एआई शिखर सम्मेलन अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि ट्रंप प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि अमेरिका में विकसित एआई प्रणालियां वैचारिक पूर्वाग्रह से मुक्त हों और अमेरिका अपने नागरिकों के अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार को कभी प्रतिबंधित नहीं होने देगा। समिट को संबोधित करते हुए जेडी वेंस ने कहा कि तेजी से बढ़ते एआई उद्योग के अत्यधिक विनियमन के खिलाफ आवाज उठाई जायेगी।



उन्होंने कहा कि इससे इस परिवर्तनकारी उद्योग के खत्म होने की आशंका है। वेंस के बयान के बाद ऐसा माना जा रहा है कि कृत्रिम मेधा के प्रति यूरोप के नियामक दृष्टिकोण को चुनौती मिल सकती है। शिखर सम्मेलन में विश्व के नेताओंए शीर्ष तकनीकी अधिकारियों और नीति निर्माताओं ने सुरक्षाए अर्थशास्त्र और शासन पर एआई के प्रभाव पर चर्चा की है। अमेरिका की ओर से जताए गए विरोध के बाद शिखर सम्मेलन में मतभेद खुले तौर पर सामने आ गए हैं।

यूरोप विनियमन और निवेश करना चाहता हैए चीन अपने सरकार समर्थित तकनीकी दिग्गजों के माध्यम से पहुंच का विस्तार कर रहा है और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका इसमें हस्तक्षेप न करने वाला दृष्टिकोण अपना रहा है। वेंस ने सुझाव दिया है कि अगर यूरोपीय सरकारें एलन मस्क के सोशल मीडिया मंच एक्स पर प्रतिबंध लगाती हैं तो अमेरिका को अपनी नाटो प्रतिबद्धताओं पर पुनर्विचार करना चाहिए।

उनकी पेरिस यात्रा में यूक्रेन, वैश्विक शक्ति परिवर्तन में एआई की भूमिका और अमेरिकाण्चीन तनाव पर भी खुलकर चर्चा होने की उम्मीद है। इससे पहले चीन के अधिकारियों ने सोमवार को एआई उपकरणों तक पहुंच को प्रतिबंधित करने के पश्चिमी प्रयासों की निंदा की थी। जबकि चीनी कंपनी डीपसीक के नए एआई चैटबॉट को लेकर अमेरिकी कांग्रेस में सुरक्षा चिंताओं के कारण इसके उपयोग को सीमित करने का आह्वान किया है। वेंस प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन से भी अलग-अलग मुलाकात करेंगे।

जेडी वेंस ने कहा कि ट्रंप प्रशासन एआई के लिए एक श्रमिकण्समर्थक विकास पथ बनाए रखेगा। इसलिए यह अमेरिका में रोजगार सृजन के लिए एक शक्तिशाली उपकरण हो सकता है और मैं प्रधानमंत्री मोदी की बात की सराहना करता हूं। मेरा मानना है कि एआई लोगों को सुविधा प्रदान करेगा और उन्हें अधिक उत्पादक बनाएगा। यह मनुष्यों की जगह नहीं लेगा। यह कभी भी मनुष्यों की जगह नहीं ले सकेगा।

## इस्त्राइली सेना की चौकी पर हमल में छह घायल

**यरुशलम।** वेस्ट बैंक में मंगलवार को इस्त्राइली कब्जे वाले इलाके में एक चेकपोस्ट पर हमला हुआ। इस हमले में छह इस्त्राइली सैनिक घायल हुए हैं। घायलों में से दो की हालत गंभीर है। हमलावर को इस्त्राइली जवानों ने मौके पर ही ढेर कर दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, घटना वेस्ट बैंक के तैसिर गांव की है, जहां इस्त्राइली सेना की चेकपोस्ट स्थित है।

मंगलवार को एक हमलावर ने चेकपोस्ट पर गोलीबारी की। चेकपोस्ट पर गोलीबारी में इस्त्राइली सेना के छह जवान घायल हुए हैं। घायलों में दो जवानों की हालत गंभीर है। वहीं सैनिकों की जवाबी कार्रवाई में हमलावर मौके पर ही ढेर हो गया। हमास और छोटे इस्लामिक जिहादी समूहों ने इस हमले की सराहना की है। हालांकि अभी तक किसी ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

# निर्वासितों के साथ हो इंसानियत का व्यवहार: सांसद

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही अमेरिका दौरे पर जाने वाले हैं। पीएम मोदी के अमेरिका दौरे और दोनों देशों के कुछ अहम मुद्दों पर भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद रो खन्ना ने बात की। उन्होंने अपनी सरकार से अपील की कि निर्वासित किए जा रहे लोगों के साथ इंसानियत वाला व्यवहार किया जाना चाहिए।



रो खन्ना ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि पीएम मोदी और डोनाल्ड ट्रंप की आगामी मुलाकात में दोनों नेताओं के बीच अवैध अप्रवासियों के मुद्दे पर बातचीत हो सकती है। अवैध अप्रवासियों को निर्वासित किए जाने पर रो खन्ना ने कहा कि मेरा मानना है कि अगर निर्वासन होता है तो वो इंसानी तरीके से होना चाहिए और लोगों के साथ गरिमापूर्ण व्यवहार होना चाहिए। उनका अमानवीय तरीके से उत्पीड़न नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने ये भी कहा कि बेशक अमेरिका आने वाले लोगों को कानूनी तरीके से ही अमेरिका आना चाहिए और कानून का पालन करना चाहिए। मुझे उम्मीद है कि ये मुद्दा जल्द सुलझ जाएगा।

रो खन्ना ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार असंतुलन का भी मुद्दा है। अमेरिका का चीनए कनाडा और यूरोप के साथ भी व्यापार असंतुलन है। इनमें अमेरिका ज्यादा सामान खरीदता है, लेकिन ये देश अमेरिका से कम सामान खरीदते हैं। भारत के साथ भी अमेरिका का व्यापार असंतुलन है। रो खन्ना ने कहा कि इस व्यापार असंतुलन को खत्म किया जाना चाहिए। गौरतलब है कि रो खन्ना की यह टिप्पणी ऐसे वक्त आई हैए जब बीती 5 फरवरी को ही 100 से ज्यादा अवैध अप्रवासियों को लेकर अमेरिकी सेना का विमान भारत पहुंचा।

निर्वासित किए गए इन भारतीयों को हाथण्पैरों में बेड़ियां बंधी थीं और रास्ते में लोगों के साथ अमानवीय व्यवहार किया गया। इसे लेकर संसद में खूब हंगामा हुआ। जिस पर जवाब देते हुए केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बताया कि भारत सरकारए अमेरिकी सरकार के संपर्क में है ताकि ये सुनिश्चित कराया जा सके कि निर्वासितों के साथ गलत व्यवहार न हो।

# अप्रवासियों को लेने के लिए तैयार हुआ अल सल्वाडोर

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने अपने एक बयान में बताया है कि अल सल्वाडोर ने अमेरिका की पेशकश स्वीकार कर ली है, जिसके तहत अमेरिका के विभिन्न देशों के अवैध अप्रवासियों और खतरनाक अपराधियों को अल सल्वाडोर भेजने का रास्ता साफ हो गया है। मार्को रुबियो ने कहा कि अल सल्वाडोर के राष्ट्रपति नईब बुकाले ने सभी अवैध अप्रवासियों और जेलों में बंद खतरनाक अमेरिकी अपराधियों को उनके देश भेजने की मंजूरी दे दी है।



मार्को रुबियो ने इसे शानदार समझौता बताया और कहा कि अमेरिका के खतरनाक अपराधी, फिर चाहे वे अमेरिका के ही नागरिक क्यों न हों, उन्हें भी अल सल्वाडोर निर्वासित किया जा सकेगा। अल सल्वाडोर के राष्ट्रपति नईब बुकाले से जब इस समझौते को लेकर सवाल किया गया था तो एक दिन पहले ही उन्होंने कहा था कि वे इसे अंतिम रूप दे रहे हैं। यह एक व्यापक समझौता होगा और न सिर्फ अमेरिका और अल सल्वाडोर बल्कि पूरे लैटिन अमेरिका में इस समझौते की मिसाल दी जाएगी।

अब मार्को रुबियो ने कहा है कि बुकाले ने समझौते को अपनी मंजूरी दे दी है। हालांकि समझौते के तहत अल सल्वाडोर को क्या मिलेगा, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। अल सल्वाडोर में इस कथित समझौते का विरोध भी हो रहा है और वहां की विपक्षी पार्टियां इसे लेकर सरकार को आगाह कर रही हैं कि यह समझौता अल सल्वाडोर को ऐसी जगह में बदल देगा, जहां अमेरिका अपना कचरा फेंकेगा। डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति पद संभालने के साथ ही अवैध आव्रजन को रोकने और अवैध अप्रवासियों को उनके देश निर्वासित करने का आदेश पारित कर दिया था। आदेश के तहत अमेरिका से बड़ी संख्या में अवैध रूप से रह रहे लोगों को निर्वासित भी किया जा रहा है।

कई लैटिन अमेरिकी देशों में अमेरिकी सेना के विमान पहुंचे हैं, जिनमें अवैध अप्रवासी सवार थे, जिन्हें ट्रंप सरकार द्वारा अमेरिका से निर्वासित किया गया। अवैध आव्रजन पर रोक के लिए ट्रंप प्रशासन ने कनाडा और मेक्सिको पर टैरिफ लगाने का भी एलान किया है। अमेरिका की इस सख्ती का असर दिख भी रहा है क्योंकि मेक्सिको ने सीमा पर अवैध आव्रजन रोकने के लिए सेना तैनात कर दी है। जिसके बाद अमेरिका ने भी मेक्सिको पर टैरिफ लगाने के फैसले को कुछ दिनों के लिए टाल दिया है।

## गाजा में शांति की कोई गारंटी नहीं

**यरुशलम।** इस्त्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अमेरिका दौरे पर वॉशिंगटन पहुंचे हैं। मंगलवार को नेतन्याहू अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे। इस मुलाकात पर पूरी दुनिया की नजरें हैं। वहीं नेतन्याहू से मुलाकात से पहले डोनाल्ड ट्रंप ने एक बड़ा बयान देते हुए कहा कि गाजा में शांति कायम रहने की कोई गारंटी नहीं है। ट्रंप का बयान ऐसे वक्त सामने आया है, जब नेतन्याहू को भी अपने गठबंधन के दक्षिणपंथी गुटों का भारी दबाव झेलना पड़ रहा है, जो गाजा में युद्धविराम को खत्म करने की मांग कर रहे हैं। ट्रंप और नेतन्याहू की मुलाकात में इस्त्राइल और सऊदी अरब के संबंध स्थापित करने की संभावनाओं पर भी चर्चा हो सकती है। साथ ही बंधक को रिहा कराने के दूसरे चरण के समझौते को भी अंतिम रूप देने पर बात हो सकती है। नेतन्याहू का अमेरिका दौरा ऐसे समय हुआ है, जब इस्त्राइल में उनकी लोकप्रियता लगातार कम हो रही है।

# लगातार कम हो रही है जेब्रा की आबादी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ ने ग्रेवी जेब्रा को गंभीर रूप से संकटग्रस्त प्रजातियों की लाल सूची में डाला है। अफ्रीकी वन्यजीव फाउंडेशन के अनुसार पिछले तीन दशकों के दौरान सभी किस्मों की जेब्रा की आबादी में लगभग 54 फीसदी की कमी आई है। जेब्रा को जानवरों के साम्राज्य में सबसे अधिक आकर्षक और बुद्धिमान माना जाता है। यह जानकारी कैरी इंस्टिट्यूट ऑफ इकोसिस्टम स्टडीज की एक रिपोर्ट में सामने आई है।



रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में प्रकृति में तीन अलग-अलग प्रकार के जेब्रा रहते हैं। ग्रेवी, मैदानी और पहाड़ी जेब्रा। पहाड़ी जेब्रा दक्षिण-पश्चिमी अंगोला, नामीबिया और दक्षिण-पश्चिमी अफ्रीका में पाए जाते हैं। पहाड़ी जेब्रा को भी वर्तमान में गंभीर रूप से संकटग्रस्त के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। बता दें कि यह 20वीं शताब्दी में विलुप्त होने के करीब पहुंच गया था। मैदानी जेब्रा की तरह उनके लिए सबसे बड़ा खतरा आवास का नुकसान और शिकार है। ग्रेवी जेबरा, जेबरा की सबसे बड़ी प्रजाति है।

वे इथियोपिया, सोमालिया और उत्तरी केन्या में उप-रेगिस्तानी मैदानों और शुष्क घास के मैदानों में रहते हैं। अपने बड़े, गोल कानों और मोटी गर्दन की वजह से वे धारियों वाले खच्चरों की तरह दिखते हैं। रिपोर्ट के अनुसार समय बीतने के साथ, आवास के नष्ट होने, जलवायु परिवर्तन और अवैध शिकार ने उनके अस्तित्व को खतरे में डाल दिया है। जेब्रा की आबादी का रुझान प्रजातियों के प्रकार के साथ बदलता रहता है। सभी प्रकार के जेब्राओं की अनुमानित आबादी 6 लाख 60 हजार से 10 लाख के बीच है और वर्तमान में इसे लुप्तप्राय के रूप में वर्गीकृत नहीं किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार जेब्रा के शरीर की खूबसूरत धारियां ही उसके शिकार का एक बड़ा कारण हैं।

ये पैटर्न लगभग सभी किस्म के जेब्राओं में अलग-अलग पाए जाते हैं। जैसे मनुष्य के फिंगर प्रिंट मेल नहीं खाता इस तरह इनकी धारियां भी मेल नहीं खातीं। ये धारियां मुख्य रूप से इन्हें जंगली मक्खियों को काटने से बचाने के लिए एक रक्षा तंत्र के रूप में काम करती हैं। वैसे तो आवास विनाश के साथ ही जेब्रा के खतरे में पड़ने के कई कारण और वजहें हो सकती हैं, लेकिन मनुष्यों द्वारा जेब्रा का किया जाने वाला अवैध शिकार उनके लिए सबसे बड़ा खतरा है। रिपोर्ट के अनुसार जेब्रा संवाद करने के लिए अलग-अलग तरह की आवाजें निकालते हैं।

# मस्क ने ओपनएआई को खरीदने का दिया प्रस्ताव

**वाशिंगटन।** एलन मस्क के नेतृत्व वाले एक निवेशक समूह ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता यएआईद्ध स्टार्टअप ओपनएआई को 97 अरब डॉलर में खरीदने का प्रस्ताव दिया है। हालांकि ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने मस्क के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है।



साथ ही ऑल्टमैन ने ये भी कहा कि अगर आप चाहते हैं तो हम ट्विटर को 9.7 अरब डॉलर में जरूर खरीद सकते हैं। गौरतलब है कि एलन मस्क ने साल 2022 में ही ट्विटर को 44 अरब डॉलर में खरीदा था और बाद में ट्विटर का नाम बदलकर एक्स कर दिया था। एलन मस्क के खुद के एआई स्टार्टअप एक्सएआई और निवेशक फर्मों के एक समूह ने मिलकर चैटजीपीटी बनाने वाली कंपनी ओपनएआई को 97 अरब डॉलर में खरीदने की इच्छा जताई है। एलन मस्क के वकील मार्क टोबरॉफ ने बताया कि मस्क ओपनएआई को एक गैर लाभकारी रिसर्च लैब में बदलना चाहते हैं।

इस प्रस्ताव पर सैम ऑल्टमैन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि नो थैंक्यू लेकिन अगर आप चाहें तो हम आपके ट्विटर को 9.74 अरब डॉलर में खरीद सकते हैं। गौरतलब है कि साल 2015 में एलन मस्क और सैम ऑल्टमैन ने मिलकर ही ओपनएआई स्टार्टअप की शुरुआत की थी। बाद में ओपनएआई का नेतृत्व करने को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया और आखिरकार साल 2018 में मस्क ने ओपनएआई के बोर्ड से इस्तीफा दे दिया। ओपनआई में शुरुआती दौर में निवेश करने वाले मस्क ने बीते साल कंपनी पर मुकदमा भी दायर किया था।

गैर लाभकारी रिसर्च लैब के रूप में लोगों की भलाई के लिए की गई थीए लेकिन कंपनी ने अपने इस उद्देश्य को धोखा दिया। एलन मस्क ने ओपनएआई में शुरुआती दौर में करीब 4.5 करोड़ डॉलर का निवेश किया था। ओपनएआई को खरीदने का प्रस्ताव देने वालों में एलन मस्क का एआई स्टार्टअप एक्सएआई के साथ ही बैरन कैपिटल ग्रुपए वेलर मैनेजमेंटए एटरीड्स मैनेजमेंटए वीवाई फंडए इमैनुएल कैपिटल मैनेजमेंट और एट पार्टनर वीसी जैसे निवेशक शामिल हैं।

## आलोचना के बाद एलन मस्क का एक्शन

**नई दिल्ली।** सोमवार को कांग्रेस के डेमोक्रेट्स को यूएसएआईडी के मुख्यालय में प्रवेश से रोक दिया गया। संघीय सुरक्षा अधिकारियों ने दरवाजे बंद कर दिए, जिससे सांसदों को एजेंसी की सार्वजनिक लॉबी तक भी नहीं जाने दिया गया। बता दें कि यह कदम तब उठाया गया जब डेमोक्रेट्स ने एलन मस्क और उनके टास्क फोर्स के सदस्यों पर आरोप लगाया कि उन्होंने आधिकारिक सरकारी एजेंसी के रूप में कार्य किए बिना आंतरिक सरकारी प्रणालियों तक पहुंच हासिल करने की कोशिश की थी। मामले में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थन के बाद, एलन मस्क ने यूएसएआईडी को बंद करने का आदेश दिया। इसके चलते एजेंसी के कर्मचारियों को वाशिंगटन स्थित मुख्यालय से बाहर जाने का निर्देश दिया गया।

# व्यापार युद्ध में कोई जीत नहीं सकता: चीन

**वाशिंगटन।** अमेरिका की ओर से लगाए गए टैरिफ को लेकर चीन ने एक बार फिर ट्रंप को जवाब दिया है। संयुक्त राष्ट्र में चीन ने कहा कि व्यापार युद्ध में कोई जीत नहीं सकता। बीजिंग जवाबी कार्रवाई करने के लिए मजबूर हो सकता है। संयुक्त राष्ट्र में चीन के राजदूत फू कांग ने कहा कि हम इस टैरिफ का विरोध करते हैं। यह विश्व व्यापार संगठन के नियमों का उल्लंघन है।



हम विश्व व्यापार संगठन में शिकायत दर्ज करा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता संभालने के बाद चीन के राजदूत ने कहा कि हम भी जवाबी कार्रवाई कर सकते हैं। अमेरिका को अपनी समस्याओं पर गौर करना चाहिए और उसका समाधान करना चाहिए। यह समाधान ऐसा हो जो अमेरिका के साथ ही पूरे विश्व के लिए लाभदायक हो। फू ने कहा कि मुझे नहीं लगता टैरिफ बढ़ाना अमेरिका के लिए फायदेमंद है।

टैरिफ बढ़ाने का बहाना फेंटेनाइल है, जो पूरी तरह से गलत है। उन्होंने कहा कि चीन में पहले से ही फेंटेनाइल और उससे जुड़े सभी पदार्थों पर कड़े नियम हैं। इस मुद्दे को अमेरिका को अपने नजरिये से देखने की जरूरत है। अमेरिका दूसरों पर दोष मढ़ने की बजाया फेंटेनाइल की मांग पर भी गौर करें। यह अमेरिका के लिए अच्छा होगा। चीन 18 फरवरी को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेगा। इसमें परिषद के सदस्य देशों के साथ गैर सदस्यों के विदेश मंत्रियों को भी बुलाया गया है।

राजदूत फू ने कहा कि अगर अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो बैठक में आते हैं तो उनकी चीनी विदेश मंत्री वांग यी से अच्छी मुलाकात होगी। चीन और अमेरिका संबंधों को लेकर राजदूत फू कांग ने कहा कि अमेरिका और चीन में काफी समानताएं हैं। वे आपस में सहयोग कर सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र में मौजूद आतंकवाद विरोधी, मादक पदार्थ विरोधी, अप्रसार और जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर चीन और अमेरिका के संयुक्त प्रयास की जरूरत है।

# म्यूनिख में जेलेंस्की से मिलेंगे ट्रंप के प्रतिनिधि

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने चुनाव अभियान के दौरान ही रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त कराने की बात कही थी। अब राष्ट्रपति पद संभालते ही ट्रंप ने इसकी कोशिश शुरू कर दी है। इन्हीं कोशिश के तहत डोनाल्ड ट्रंप के वरिष्ठ सलाहकार और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस इस हफ्ते यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से म्यूनिख में मुलाकात कर सकते हैं।



म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त कराने को लेकर चर्चा हो सकती है। इसी सम्मेलन से इतर अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल यूक्रेनी राष्ट्रपति से मिलेगा। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल में उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, विदेश मंत्री मार्को रूबियो और डोनाल्ड ट्रंप के विशेष प्रतिनिधि रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल कीथ केलोग शामिल हैं।

कीथ केलोग ने कहा कि बेहतर होगा कि यूक्रेन के राष्ट्रपति उन तीनों से साथ मिलें। इसके बाद राष्ट्रपति ट्रंप भी जेलेंस्की से बात कर सकते हैं। इस बैठक में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल, जेलेंस्की से युद्ध खत्म करने के विकल्पों पर चर्चा कर सकता है। इस बैठक की अहमियत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अमेरिकाए बैठक से पहले यूरोपीय देशों से भी बात कर रहा है और कीथ केलोग, वॉशिंगटन में यूरोपीय राजदूतों से मुलाकात कर रूस-यूक्रेन युद्ध रुकवाने को लेकर चर्चा कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि डोनाल्ड ट्रंप कह चुके हैं कि अमेरिका के करदाताओं के अरबों डॉलर यूक्रेन को आर्थिक मदद देने में खर्च हुए हैंए जबकि यूरोप इसके लिए कुछ खास प्रयास नहीं कर रहा है। यूरोपीय देशों को अमेरिका को भुगतान करना चाहिए।

## शिवसेना यूबीटी नेता को मिली जमानत

**महाराष्ट्र।** प्रदेश के बॉम्बे उच्च न्यायालय ने मुंबई में हुए खिचड़ी घोटाले में आरोपी शिवसेना यूबीटी नेता को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। कोरोना महामारी के दौरान मुंबई में प्रवासी मजदूरों को खिचड़ी के पैकेट बांटे गए थे। आरोप है कि उसमें करोड़ों रुपये का घोटाला हुआ था। जस्टिस मिलिंद जाधव की पीठ ने खिचड़ी घोटाले के आरोपी शिवसेना यूबीटी नेता सूरज चव्हाण को जमानत देते हुए कहा कि आरोपी को जेल में एक साल से ज्यादा का समय हो गया है और इस मामले में सुनवाई के जल्द पूरा होने की उम्मीद कम है।

# पूर्वी कांगो में गांव पर सशस्त्र समूह का हमला

**कांगो।** देश के पूर्वोत्तर हिस्से में सशस्त्र समूह के हमले में 55 नागरिकों की मौत हो गई। इनमें अधिकांश विस्थापित लोगों को निशाना बनाया गया।



स्थानीय अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। दशकों से कांगो में संघर्ष जारी है। पूर्वी हिस्से में हिंसा बढ़ी है। इस क्षेत्र में 120 से अधिक सशस्त्र समूह संघर्ष में शामिल हैं, जिनमें से अधिकतर जमीन और कीमती खनिजों की खदानों पर नियंत्रण पाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। जबकि कुछ अपने समुदायों की रक्षा करने की कोशिश कर रहे हैं। सशस्त्र समूह कोडेको के लड़ाकों ने सोमवार की रात इटुरी प्रांत के जाइबा गांव पर हमला किया। यह विस्थापितों का घर भी है। शिविर की नेता एंटोइनटेट नजाले ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि हमले में 55 नागरिकों की मौत हो गई।

उन्होंने बताया कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती हैए क्योंकि कई घर जलकर नष्ट हो गए। शवों की तलाश जारी है। कोडेको कांगो के लेंदू समुदाय के किसानों के सशस्त्र समूहों का एक अस्थायी गठबंधन है। अफ्रीकी आतंकवाद अनुसंधान केंद्र ने बताया कि इस समूह के हमलों में 2022 तक करीब 1,800 लोग मारे गए और 500 से अधिक घायल हो गए। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि कुछ हमले युद्ध अपराध और श्मानवता के खिलाफ अपराधश् की श्रेणी में हो सकते हैं। नजाले ने कहाए करीब पूरा गांव हमले का का शिकार हो गया। उन्होंने बताया कि संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों और कांगो सरकार की सेना ने हस्तक्षेप किया, लेकिन हमलावरों की तादाद अधिक होने के कारण वे नियंत्रित नहीं कर पाए।

बैहेमा बेजेरे जिले के प्रमुख जीन रिचर्ड लेंगा ने हमला होने की पुष्टि की और कहा कि 55 लोग मारे गए। उन्होंने यह भी कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि शवों की तलाश जारी है। जााइबा के निवासी मुम्बेरे डेविड ने बताया कि अधिकांश पीड़ित विस्थापित हैं, जिन्हें कुल्हाड़ी और बंदूकों से मारा गया।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक अजरा परवीन द्वारा वेदवीर प्रिन्टर्स, विद्यापीठ पुरम् सिविल लाइन, बदायूं से मुद्रित एवं कार्यालय अमर भास्कर निकट रीजेन्सी होटल लावेला चौक, बदायूं (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादकः अबरार अहमद** (इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन हेतु पी.आर.बी. की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी)। समस्त विवाद बदायूं न्यायालय के अधीन होगें। मोबाइल नं. 9411214614, ई-मेल: amarbhashkar21@gmail.com, RNI No.:- UPHIN/2021/82941

# हिंद चैरिटेबल ब्लड बैंक का डॉक्टर सूर्यमणि रघुवंशी व दिगंबर चौधरी ने किया संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारंभ

▶▶ उत्तर प्रदेश प्रेस मान्यता समिति के सदस्य व वरिष्ठ संपादक है डॉक्टर सूर्यमणि रघुवंशी ▶▶ दिगंबर चौधरी भारतीय किसान यूनियन राजनीतिक के है युवा प्रदेश अध्यक्ष






अमर भास्कर ब्यूरो

बिजनौर। जनपद बिजनौर में बैराज रोड स्थित हिंद चैरिटेबल ब्लड बैंक का भव्य शुभारंभ किया गया जिसका मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश प्रेस मान्यता समिति के सदस्य व वरिष्ठ संपादक डॉक्टर सूर्यमणि रघुवंशी के साथ भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

इस अवसर पर ब्लड बैंक को रंग-बिरंगे फूलों में गुब्बारे से सजाया गया। उद्घाटन समारोह में अनेक लोगों ने रक्तदान भी किया। ब्लड बैंक के डायरेक्टर डॉक्टर मुशाहिद खान एवं ब्लड बैंक इंचार्ज डॉक्टर पवन उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि ब्लड बैंक में सभी रूप का ब्लड हर वक्त मौजूद मिलेगा । ब्लड बैंक में अत्य आधुनिक उपकरण व मशीन लगाई गई है स्वच्छता व गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाएगा कार्यक्रम में राष्ट्रीय लोकदल नेता व पूर्व चेयरपर्सन पति शमशाद अंसारी, पुरुषोत्तम पम्मी, सैफ खान, नीरज शर्मा सभासद, सुरजीत चौधरी सभासद, मनी चौधरी सभासद, शेखर चौधरी भाजपा नेता, डॉ मसूद जावेद, व्यापारी नेता राहुल वर्मा, मुसाफिर हुसैन, शकील अहमद, मोहम्मद जुबेर, मोहम्मद तालिब सिद्दीकी, ओमवीर सिंह, सरदार अहमद, जावेद भट्टे वाले, अनिल जिंदल, डॉ पवन कुमार, पंकज कौशिक, विवेक चौधरी, राधे मोहन अग्रवाल, हाजी दानिश, रजी अंसारी, निखिल राघव, युवा समाजसेवी अतहर क्लासिक, दैनिक अमर भास्कर के जिला प्रभारी जहांगीर भारती मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में पहुंचने पर जावेद और पप्पू भाई क्लासिक टेलर्स डॉक्टर मुशाहिद खान रियाज अहमद टेक्निकल सुपरवाइजर अतहर क्लासिक आदि ने अतिथियों का फूल वालों से भव्य किया।

# खो नदी पर बनने वाले लकड़ी के अस्थाई पुल का जल्दी होगा निर्माण कार्य



▶▶ खंड विकास अधिकारी सुरेंद्र सिंह, सहायक विकास अधिकारी अनिल कुमार ने किया स्थलीय निरीक्षण

अमर भास्कर ब्यूरो

धामपुर। विकास खंड अल्हैपुर की ग्राम पंचायत नाथाडोई के गांव नंदगांव में महाशिवरात्रि पर्व पर हरिद्वार से जल भरकर लाने वाले कांवडतियों के लिए खो नदी पर लकड़ी से अस्थाई पुल का निर्माण कार्य ग्राम वासियो व क्षेत्रवासियों के सहयोग से कराया जा रहा है। उक्त निर्माण कार्य का खंड विकास अधिकारी सुरेंद्र सिंह, सहायक विकास अधिकारी पंचायत अनिल कुमार ने स्थलीय का निरीक्षण किया गया।

सोमवार को कार्य का खंड विकास अधिकारी सुरेंद्र सिंह, सहायक विकास अधिकारी पंचायत अनिल कुमार द्वारा ग्राम प्रधानों व ग्रामवासियों के साथ कांवड़तियों के लिए खो नदी पर लकड़ी से अस्थाई पुल का निर्माण कार्य शीघ्र कराने के संबंध में एक बैठक की गई। बैठक के बाद दोनों अधिकारियों ने उक्त स्थल का निरक्षण किया। उक्त मार्ग को काशीपुर, गदरपुर, रुद्रपुर, हल्द्वानी, रानीखेत, पीलीभीत, मीतीपुरा, बरेली रामनगर आदि स्थानों के कावड़िये होकर अपने गंतव्य को रवाना होते हैं। अस्थाई पुल का कार्य प्रारम्भकरने के पद मचिय तिरखेन्द कुमार, कृपाल मिहं को दिये गये। जिसमे कावड़ियो की असुविधा का सामना व कर पर पड़े। उक्त पुल का जन निर्माण महाशिवरात्रि पर्व मौके पर व्याम राजेश कुमार गाह्लीपुर नीचल सहित क्षेत्र रघ के ग्राम प्रधान व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# हाजी मौहम्मद अली अंसारी मैमोरियल ऑल इंडिया वॉलीबॉल टूर्नामेंट का हुआ भव्य उद्घाटन



अमर भास्कर ब्यूरो

स्योहारा/सहसपुर। सहसपुर में फ्रेंड्स वॉलीबॉल क्लब सहसपुर की ओर से हाजी मौहम्मद अली अंसारी मैमोरियल ऑल इंडिया वालीबॉल टूर्नामेंट का 11 फरवरी से 13 फरवरी तक चलेगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फ्रेंड्स वालीबॉल क्लब सहसपुर की ओर से सहसपुर नगर के सहसपुर पब्लिक इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय हाजी मौहम्मद अली अंसारी मैमोरियल ऑल इंडिया वालीबॉल टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है जो की 11 फरवरी से 13 फरवरी तक चलेगा। यह टूर्नामेंट फ्रेंड्स क्लब के संयोजक वरिष्ठ समाजसेवी हाजी अमजद अली अंसारी चेयरपर्सन पति सहसपुर नगर पंचायत,वरिष्ठ समाज सेवी एवं अध्यक्ष का?ी इकबाल, वरिष्ठ समाजसेवी एवं प्रबंधक शेख हसीब तथा वीरष्ठ समाजसेवी एवं प्रबंधक एम.रहमान इंटर कॉलेज सलीम मशकूर सहित अन्य पदाधिकारीयो की देखरेख में तीन दिन तक चलेगा। वॉलीबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन समाजसेवी एवं सभासद व क्लब के प्रबंधक शेख हसीब और क्लब के अध्यक्ष का?ी इकबाल तथा हाजी अमजद अली अंसारी ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर सयुंक्त रूप से किया और टूर्नामेंट का पहला मैच शुरू कराया। टूर्नामेंट के आज पहले दिन बिजनौर स्टेडियम टीम और एम रहमान इंटर कॉलेज की टीम के बीच खेला गया जिसमें बिजनौर स्टेडियम की टीम विजय रही। मैच की कमेंट्री आसिफ कुरैशी ने की तथा मैच रैफरी मुबीन राणा रहे। इस अवसर हाजी अमजद अली अंसारी चेयरपर्सन पति, शईक चौधरी, शाहिद अली, हाजी नाजिम अंसारी, सरताज आलम, जफरुद्दीन उर्फ अजमी सभासद, रिजवान मशकूर आदि सहित सैकड़ों खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# अब्दुल रहमान, अब्दुल हमीद फाउंडेशन की ओर से एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कैम्प में दी मरीजो को मुफ्त दवाइया

हमारा मकसद आवाम की खिदमत करना: तौसीफ उर रहमान



अमर भास्कर ब्यूरो

स्योहारा। अब्दुल रहमान, अब्दुल हमीद फाउंडेशन के तत्वाधान में खलीक उर रहमान साहब की याद में एक दिवसीय फ्री स्वास्थ्य जांच कैंप लगाया जिसमें मुफ्त दवाइयां भी मरीजो को दी गई।

नगर के मौहल्ला मिलकियांन में अब्दुल रहमान, अब्दुल हमीद फाउंडेशन के बैनर तले खलीक उर रहमान साहब की बरसी पर उनके बेटों एवं फाउंडेशन के अध्यक्ष तौसीफ उर हमान व डॉक्टर तारिक उर रहमान (सर्जन सफदरजंग अस्पताल दिल्ली) ने उन्हें खिराजे अकीदत पेश करते हुए क्षेत्र की आवाम के लिए एक फ्री चिकित्सा जांच कैंप लगाया गया चिकित्सा कैंप में दिल्ली के हॉलिस्टिक हॉस्पिटल के जनरल सर्जन, स्त्री रोग, हृदय रोग, डायबिटीज, मेडिसिन आदि के कुशल विशेषज्ञों की टीम द्वारा मरीजो की मुफ्त में जांच कर दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई। चिकित्सा कैंप में बीएमडी, (हड्डियों की जांच) थायराइड, पीएफटी,शुगर टेस्ट,बीपी तथा ईसीजी की जांच की गई। निःशुल्क चिकित्सा कैंप में सांस, ह्रदय रोग, बीपी, बच्चेदानी से संबंधित गुर्दे व पित्ते की पथरी, हड्डियों के जोड़ों में दर्द, शुगर आदि रोगों के लगभग ढाई सौ मरीजो ने आकर अपना जांच करा और दवाइयां पाकर लाभ उठाया। इस मौके पर व्यवस्थापक एवं फाउंडेशन के अध्यक्ष तौसीफ उर रहमान व डॉक्टर तारिक उर रहमान ने सयुंक्त रूप से कहा कि अपने नगर में इस तरह के निशुल्क चिकित्सा कैंप लगाने का मकसद अपने वालिद मरहूम खालिक उर रहमान की ख्वाइश को पूरा करना है उनकी ख्वाइश थी कि हम शिक्षित होकर गरीब, मजदूरों, बेसहारा लोगो की मदद करें चाहे वह किसी भी जाति धर्म का हो। चूंकि हम चिकित्सा के पेशे से जुड़े है और अपने पेशे से लोगो की मदद कर सकते है इसलिए हमारी संस्था के द्वारा पिछले दो साल से नगर में फ्री चिकित्सा कैंप लगाया जा रहा है। इस तरह के चिकित्सा कैम्प के आयोजनों से आर्थिक तंगी से जूझ रहे गरीब मरीजों को बहुत लाभ मिलता है। चिकित्सा कैंप में रोगियों की जांच करने वाली हॉलिस्टिक अस्पताल के डॉक्टरो और स्टाफ में डॉ. तारिक हामिद सर्जन (सफदरजंग अस्पताल दिल्ली), डॉक्टर समीना नाज स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर अनस खान, डॉक्टर सागर ,डॉक्टर शबाना रहमान स्त्री रोग विशेषज्ञ, दीपक भारद्वाज, लैब टेक्नीशियन सोहन रावत,भूपेंद्र सिंह, फार्मासिस्ट सुनील यादव रहे। चिकित्सा कैम्प को सहयोग कर सफल बनाने वालों में काशिफ तौसीफ, नगमा परवीन, दानिश अली, जाकिर अली, दानिश इकबाल पूर्व जेल विजिटर, जुनैद अहमद आदि रहे।

# संत शिरोमणि गुरु रविदास की मूर्ति की स्थापित



नजीबाबाद। डॉ भीमराव अंबेडकर धर्मशाला आदर्श नगर गली नंबर ए 12 में समस्त गली निवासियों के सहयोग से डॉ भीमराव अंबेडकर धर्मशाला में गली नंबर ए 12 में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी मूर्ति स्थापित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की मूर्ति का शुद्धिकरण कर दूध, शहद, गंगाजल से पवित्र कर पूजन किया गया और उनकी शोभायात्रा निकाली गई। पुजारी हरपाल सिंह के द्वारा हवन यज्ञ किया गया, गुरु रविदास जी की आरती वाणी भजन प्रस्तुत किए गए। सभी श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ हवन यज्ञ में आहुति दी और मधुर भजनों पर झूमते रहे। समिति के अध्यक्ष त्रिपाल सिंह, उपाध्यक्ष पवन कुमार भारती, कोषाध्यक्ष प्रताप सिंह तथा समिति के संरक्षक जसवंत सिंह एवं मुरारी सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रीतम सिंह, डॉक्टर मलखान सिंह, नंदराम सिंह, हरज्ञान सिंह, धनीराम एवं बड़ी संख्या में मातृशक्ति ने श्री गुरु जी के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# भाईचारा खत्म करने मे लगी है भाजपा की प्रदेश सरकार, नही होगा मंसूबा पूरा: जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन



सपा के पीडीए कार्यक्रम से एकजुट हो चुका है सर्व समाज विधायक हाजी तसलीम अहमद

अमर भास्कर ब्यूरो

बिजनौर/नजीबाबाद। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पीडीए जननायक मा. अखिलेश यादव जी के निर्देश पर विधानसभा क्षेत्र 17 नजीबाबाद के सेक्टर 7 के ग्राम सबलपुर बीतरा में पूर्व ग्राम प्रधान एवं नव मनोनीत जिला सचिव शाहबुद्दीन एवं जिला पंचायत सदस्य मो. यूनुस द्वारा पीडीए चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर जिला सचिव बनने पर पूर्व प्रधान शहाबुद्दीन का फूल मालाओं से स्वागत किया गया।

जिला अध्यक्ष जाकिर हुसैन की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में नजीबाबाद विधायक हाजी तसलीम अहमद ने संबोधित करते हुए कहा की पूरे प्रदेश में माननीय अखिलेश यादव जी सर्व समाज को उनके अधिकार और सम्मान दिलाने के लिए भाजपा की नीतियों के खिलाफ लड़ रहे हैं। हम सभी को नफ़रत की राजनीति से हटकर एकजुट होकर निरंकुश सरकार के जुल्मों के खिलाफ आवाज उठानी पड़ेगी। जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने कहीं की प्रदेश की सरकार भाईचारा खत्म कर हमे आपस मे ल?ा रही है पीडीए को मजबूत कर भाईचारे का संदेश देने का अभियान अब शुरू हो चुका सभी एकजुट होकर आने वाले 2027 के चुनाव में सपा की सरकार बनाकर अखिलेश यादव जी को मुख्यमंत्री बनाना है तभी प्रदेश में लोकतंत्र और खुशहाली बहाल हो पाएगी। इस मौके अहमद अंसारी प्रधान, हाफिज मुतकिफ़, हाफिज निसार, शमीम अहमद, पूर्व प्रधान मो उमर, आफ़ाक प्रधान, इंतेज़ार मंसूरी प्रधान, रोहित प्रधान चंदोक, सोनू चौधरी, पूर्व प्रधान इरफान कस्सार, पूर्व प्रधान अनीस अंसारी, इरफान मालिक, नईम मकरानी, जाहिद अंसारी, शादाब हैदर, अनवर खान मंसूब आदि बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

# एक्शन : सड़कों पर अतिक्रमण हटाने उतरी पुलिस, दुकानदारों में मचा हड़कंप



बोले ईओ एसपी सिंह सड़क अतिक्रमण करने पर दुकानदार के खिलाफ होगी कठोर कार्रवाई

अमर भास्कर ब्यूरो

अफजलगढ़। डीएम जसजीत कौर के आदेश पर नगर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराने और जाम से छुटकारा दिलाने के लिए ईओ एसपी सिंह व कस्बा इंचार्ज प्रवीण कुमार के नेतृत्व में पुलिस व नगर पालिका टीम ने भी पूरी तरह से कमर कस ली है।

इसको लेकर पालिका कर्मियों व पुलिस ने सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराने का काम भी शुरू कर दिया है। पालिका कर्मियों व पुलिस की इस कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मच गया है। डीएम बिजनौर जसजीत कौर के आदेश पर मंगलवार को नगर में स्थित जसपुर तिराहे सहित अनेक स्थानों पर ईओ एसपी सिंह व कस्बा इंचार्ज प्रवीण कुमार नगर पालिका कर्मी व पुलिस टीम के साथ सड़क पर उतरे। पुलिस को अतिक्रमण मुक्त कराते देख दुकानदारों में हड़कंप मच गया। दुकानदार अपने दुकान के आगे लगे वाहन और लोहे का बना स्लैब, पोस्टर हटाने लगे। पुलिस ने दुकान से निकलने वाले छत और टैंट को भी हटाया। साथ ही दुकानदारों को यह हिदायत दी कि अगली बार की चैकिंग में अतिक्रमण हटाने के लिए नहीं कहा जाएगा। सीधा दुकानदार पर कठोर कार्रवाई होगी। इस दौरान पुलिस ने जसपुर तिराहे,धामपुर मार्ग,कालागढ़ मार्ग सहित अन्य इलाकों के स?कों को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। नगर में पालिका कर्मियों व पुलिस ने अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाते हुए ठेली और रेहड़ी वालों को सख्त चेतावनी दी। इस दौरान अतिक्रमण करने वाले लोगों की ठेलियों को पीछे हटवाया गया। साथ ही दुकानदारों को भी हिदायत दी गई कि वह दुकानों से बाहर सामान रखकर अतिक्रमण न करें और न वाहनों को सड़क पर खड़ा होने दें। इसके साथ ही दुकानदारों को आदेश दिया गया कि अगली बार सड़क को अतिक्रमण किया गया तो दुकानदार पर कठोर कार्रवाई होगी। उधर अफजलगढ़ अधिशासी अधिकारी एसपी सिंह ने बताया कि उच्च अधिकारियों के आदेश पर नगर की सड़कों को अतिक्रमण और जाम से मुक्ति दिलाने के लिए यह निर्णय लिया गया है। यह अभियान लगातार जारी रहेगा। सभी दुकानदार अपने अपने अतिक्रमण को हटा ले अतिक्रमण को नहीं हटाने पर कठोर कार्रवाई होगी। इस अवसर पर ईओ एसपी सिंह के अलावा कस्बा इंचार्ज प्रवीण कुमार,हेड कांस्टेबल रजनीश कुमार,रोबिन अग्रवाल,सत्री गुप्ता,रोहिताश पंवार,राजवीर पंवार,अमर पंवार,प्रियंक चौहान, कमल कुमार साबिर अली,प्रभ पंवार तथा धर्मेन्द्र पंवार आदि उपस्थित रहे।

# साप्ताहिक बाजार के दौरान चोरी करने वाले दो चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



अमर भास्कर ब्यूरो

अफजलगढ़। थाना क्षेत्र के गांव सीरवासुचांद में लगने वाले साप्ताहिक बाजार के दौरान एक महिला का पीला बैग,मोबाइल नकदी चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा। शेरकोट कस्बा निवासी शांति देवी पत्नी वेदपाल रविवार को गांव सीरवासुचन्द में साप्ताहिक बाजार में एक दुकान लगाई गई थी। दुकान से अज्ञात चोरो द्वारा महिला का पीला बैग जिसमे दो हजार रुपये नकदी व एक आईटेल कम्पनी का मोबाईल फोन चोरी कर ले गए थे। महिला द्वारा पुलिस को तहरीर देकर चोरो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर मेघपुर तिराहे से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस पूछताछ के दौरान एक ने अपना नाम अवनीश पुत्र प्रताप सिंह तथा पंकज पुत्र थानी सिंह निवासी गांव सीरवासुचन्द थाना अफजलगढ़ बताया। दोनों के पास से चोरी किये गये आईटेल कम्पनी का मोबाईल फोन दो सिम आईडिया व एयरटेल कम्पनी 600 रुपये नकदी बरामद किये गये। वहीं दोनों चोरों द्वारा बताया गया कि साप्ताहिक बाजार के दौरान चूड़ी की दुकान करने वाली महिला की दुकान से हमारे द्वारा चोरी की गई थी। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक शिवम कुमार तायल, हेड कांस्टेबल वरुण कुमार तथा कांस्टेबल सुरेश कुमार आदि उपस्थित रहे।